''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 109 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 20 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com





## मुख्यमंत्री ने पंचकूलावासियों को दी 55 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला को स्मार्ट सीटी बनाने के ध्येय को पूरा करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज 55 करोड़ 38 लाख रूपये से अधिक की राशि के विकास कार्यो का उद्घाटन एवं शिलान्याय किया। इन परियोजनाओं में 50 करोड़ रूपये की लागत से घग्गर नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन, सेक्टर 28 व 31 में लगभग 4 करोड़ 64 लाख 59 हजार रुपये की लागत से दो डिस्पेंसरियों के भवनों और बरवाला के गांव कनौली में 74 लाख 38 हजार रुपये की लागत से ग्राम सचिवालय का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के गांव में विकास कार्यो के लिए 5 करोड़ रूपये देने की घोषणा भी की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जो उद्घाटन एवं शिलान्यास किये गये हैं, वे पंचकूला को स्मार्ट सिटी बनाने के साथ-साथ उसे एक बेहतर स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने में भी मील का पत्थर साबित होंगे। हमारा लक्ष्य पंचकूला को एक स्मार्ट सिटी बनाना है, जहां नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत का सपना देखा है उसमें विकसित हरियाणा का भी अपना स्थान है। हरियाणा को विकसित होना है तो पंचकुला को भी विकसित बनाना होगा। देश के प्रधानमंत्री ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का विजन रखा है और इसमें हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।



**पंचकुला के विकास को एक नई गति और नई दिशा मिली**

इस अवसर पर पंचकूलावासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन पंचकूला के लोगों के लिए बड़ी खुशी का दिन है। आज पंचकुला के विकास को एक नई गति और नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि माता मनसा देवी और नाडा साहिब की छत्रछाया में फल-फूल रही पंचकूला नगरी के विकास में यह परियोजनाएं महत्वपूर्ण साबित होंगी।

**यह पुल पी.आर.-7 रिंग रोड का हिस्सा**

उन्होंने कहा कि घग्गर नदी पर पुल का निर्माण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा 50 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है। यह पुल 360 मीटर लम्बा और 16 मीटर चौड़ा है। अब इस पुल से जीरकपुर, राजपुरा, पटियाला और मोहाली एयरपोर्ट तक पहुंचना आसान हो जाएगा। यह पुल विशेषकर, उन लोगों के लिए एक शॉर्टकट का काम करेगा, जिनको पंचकूला के साउथ सेक्टरों, जीरकपुर या फिर चंडीगढ़ के साउथ सेक्टरों की तरफ आना-जाना पड़ता है। इससे लोगों की करीब 5 से 7 किलोमीटर की दूरी कम होगी और ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलेगी। यह पुल पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ को जोड़ने वाले पी.आर.-7 रिंग रोड का हिस्सा है। जब यह रिंग रोड बन जाएगा, तो पंचकूला ही नहीं चंडीगढ़ को भी यातायात के दबाव से मुक्ति मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकूला में घग्गर पार के सेक्टरों को जोड़ने वाला यह तीसरा पुल है। इस पुल के खुल जाने से सेक्टर-25, 26, 27, 28 और 31 के अलावा, बरवाला-रामगढ़ की तरफ से आने वाले लोगों को भी लाभ होगा। इस पुल का राष्ट्रीय राजमार्ग 5 व 7 और 152 से सीधा सम्पर्क होगा। इसलिए यह पंचकूला और आसपास के पंजाब क्षेत्र के विकास के लिए मील पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पंचकूला के सेक्टर-28 का डिस्पेंसरी भवन 1.30 एकड़ क्षेत्र में तथा सेक्टर-31 का डिस्पेंसरी भवन 1.20 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा। यह दोनों भवन 12 महीनों में बनकर तैयार हो जाएंगे। इनके बनने से पंचकूला के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के आने के बाद पंचकूला में विकास के नित नये आयाम स्थापित हो रहे हैं।

## आर्य समाज सेक्टर-8 के सहयोग से स्मृति पार्क सेक्टर- 8 में आयोजित होगा योग शिविर



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बाबा रामदेव जी महाराज के प्रिय शिष्य योगाचार्य जयपाल शास्त्री जी के पावन सानिध्य व मार्गदर्शन में फरीदाबाद सेक्टर-8 के स्मृति पार्क में सात दिवसीय नि:शुल्क योग चिकित्सा शिविर का आयोजन 21अप्रैल से 27 अप्रैल तक, प्रात: 5:45 बजे से 7 बजे तक आर्य समाज सेक्टर 8 व RWA के सहयोग से आयोजित किया जायेगा ।शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। योग शिविर पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार तत्वाधान में आयोजित किया जायेगा जिसमें आचार्यकुलम हरिद्वार के विद्यार्थी निष्ठा आर्या व दिव्यांशु आर्य प्रतिदिन चिकित्सा यज्ञ कराएंगे जिससे पार्क में औषधीययुक्त पर्यावरण विकसित होगा ।योगाचार्य जयपाल शास्त्री ऐसे उत्तम वातावरण में लोगों योग का पाठ पढ़ाएंगे उन्हें योगासन, प्राणायाम, ध्यान व एक्यूप्रेशर द्वारा रोगों का उपचार बताएंगे जिससे लोग योग द्वारा सभी समस्याओं का समाधान पा सकें। आर्य समाज सेक्टर 8 के प्रधान दयानन्द सेठी जी व RWA के अधिकारीगण जोर-शोर से योग शिविर की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## आशीष जैन ने भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बन प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद शहर के प्रसिद्व युवा उद्योगपति व अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन ने माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी की हाल ही में स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा के दौरान भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बन प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उद्योगपति आशीष जैन ने बताया कि माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात कर उनके मार्गदर्शन, सराहना और प्रोत्साहन को प्राप्त करना एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। उन्होंने बताया स्लोवाकिया के व्यापारिक संबंधों को मज़बूत करने की दिशा में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण कदम रही, और इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनना वास्तव में प्रेरणादायक अनुभव था। राष्ट्रपति जी ने हमें वैश्विक मंच पर भारत की उपर्स्थिति और पहचान को और सशक्त करने के लिए प्रेरित किया। यह यात्रा भारत-स्लोवाकिया के व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

**युवा उद्योगपति व अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन ने माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी की स्लोवाकिया राजकीय यात्रा में मुलाकात की**

## विधायक सतीश फागना और पार्षद राजेश डागर ने 70 लाख रूपये के विकास कार्यो का शुभारंभ किया

### वार्ड-2 के पार्षद राजेश डागर ने कहा कि वार्ड तो मेरा 2 है लेकिन विकास के मामले में हमेशा नंबर 1 पर रहेगा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधायक सतीश फागना और वार्ड-2 के पार्षद राजेश डागर ने लगभग 70 लाख रूपये की लागत से जीवन नगर पार्ट-2 की विभिन्न गलियों में इन्टरलॉकिग टाईल लगाने के कार्य का शुभारंभ वार्ड-2 के बुजुर्ग लोगों के हाथों से नारियल तुडवाकर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर विधायक सतीश फागना का ग्रामीणों और कालोनी के लोगों ने फूलों की माला पहनाकर किया। इसके पश्चात सभी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की और भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर फूलों की माला वढ़ाकर उन्हें नगम किया। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना ने कहा कि में सबसे पहले आपका धन्यवाद करता हुं क्योकि जैसे आपने चौ. कृष्णपाल गुर्जर को जिताकर भेजा उसी तरह आपने हमारी बहन प्रवीण जोशी को महापौर और मुझे विधायक और बेटे राजेश डागर को पार्षद बनाया।



उन्होने कहा यह विकास कार्य केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जी के सानिध्य और महापौर प्रवीण जोशी जी के सहयोग से कराए जा रहे है। जिसका इलाके के लोगों को भरपूर फायदा मिलेगा। उन्होनें कहा कि चार इंजन वाली सरकार में लोगों को सभी मृलभूत सुविधाएं मिलेगी। इस मौके पर पार्षद राजेश डागर ने कहा कि आपने भाजपा और मुझमें जो विश्वास व्यक्त किया है उसे कभी टूटने नहीं दुगां।

उन्होनें कहा कि कहा कि वार्ड तो मेरा 2 है लेकिन विकास के मामले में हमेशा नंबर 1 पर रहेगा। राजेश डागर ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर जनता ने केन्द्र व प्रदेश की नीतियों पर मुहर लगाई है। राजेश डागर ने कहा कि वार्ड को चमकाने और खुशहाल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगें। इस मौके पर कुछ महिलाओं ने बताया कि रात में असमाजिक तत्व तरह तरह का नशा करते है जिससे यहां का माहौल बिगड़ रहा है। महिलाओं की बात सुनने के बाद सतीश फागन ने वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों से कहा कि रात में गश्त बढ़ाई जाए और ऐसे लोगों की धर पकड़ कर उनपर मुकदमा दर्ज किया जाए। कार्यक्रम का आयोजन खेमचन्द व सुनील द्वारा किया गया था।

इस मौके पर पार्षद महेश लोहिया, वरिष्ठ भाजपा नेता कविन्द्र चौधरी, फतेहचन्द, गजराज सिंह, हरिसिंह, कुंवरपाल, कृष्ण डागर, सत्ते, रोहताश, सूनील, रमेश धिमान, गजोधर व वासदेव सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## दि श्रीराम वंडर ईयर स्कूल ने किया खेल में फरीदाबाद का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** दि श्रीराम वंडर ईयर स्कूल फरीदाबाद सेक्टर 20 द्वारा एक कार्निवल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, भीम अवार्डी डिप्टी डायरेक्टर गिर्राज सिंह, एईओ हरवीर नागर, पैरा एशियन ओलंपिक चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट दीपक कुमार, जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडलिस्ट दीपक दलाल की गरिमापूर्ण उपसथित रही। कार्निवल में आए सभी खिलाडियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश एंव फरीदाबाद शहर का नाम रोशन करने पर मोमेंटो एंव शॉल पहना कर सम्मानित किया। कार्निवल की शुरुआत दि श्री राम वंडर ईयर फरीदाबाद के डायरेक्टर संजीव वशिष्ठ के द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर खेल विभाग के डिप्टी डायरेक्टर गिर्राज सिंह ने बताया कि अगर बेस मजबूत हो तो बच्चों का भविष्य उज्जवल होता ही है। उन्होंने कहा कि श्री राम वंडर ईयर को देखकर प्रतीत होता है कि बच्चे खेल-खेल में सबकुछ सीखेंगे जोकि एक अच्छी पहल है। इस आयोजन के मौके पर स्कूल की एचएम मोनिका ने कहा कि आज के इस कार्निवल ने न केवल बच्चों को मनोरंजन और मस्ती के क्षण दिए हैं, बल्कि अभिभावकों के लिए भी एक शानदार अनुभव प्रदान किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने बताया कि आज के आधुनिक युग में बच्चों के मानसिक एंव बौद्धिक विकास के लिए यह जरूरी है कि बच्चों को शिक्षा का ऐसा माहौल मिले जहां उन्हें पढ़ना बोरिंग ना लगे। इस कार्निवल में श्री राम मिलेनियम सेक्टर 87 की डायरेक्टर उत्तरा, एसके जैन, अंशुल बंसल, आस्था बंसल आदि उपसथित रहे।






# यूपी में बारिश-बिजली से 13 की मौत

## योगी बोले- चिंता मत करिए, हम आपके साथ, 37 जिलों में अलर्ट, ओले भी गिरेंगे







**लखनऊ।** यूपी में बेमौसम बारिश कहर बनकर टूटी है। 24 घंटे में 13 लोगों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 6 मौतें अयोध्या में हुई हैं। यहां गुरुवार शाम को तेज आंधी चलने से एक ट्रैक्टर- ट्रॉली पलट गई। इसके नीचे दबकर 3 महिलाओं की मौत हो गई। इसके अलावा, बारिश से दीवार गिर गई। मलबे में दबने से 3 महिलाओं की जान चली गई। बाराबंकी में टिन शेड और पेड़ गिरने से 6 साल के बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। 6 लोग घायल हुए हैं। अमेठी और बस्ती में बिजली गिरने से 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। गोरखपुर में देर रात बारिश हुई। बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए सीएम योगी ने अफसरों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। कहा- चिंता की जरूरत नहीं है। सरकार आपके साथ है। अधिकारी फील्ड में उतरें, राहत कार्यों पर नजर रखें। जलभराव की स्थिति में जल निकासी की व्यवस्था कराएं। फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजी जाए, ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके। आज 37 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी यूपी के जिलों में देर रात तक आंधी और बारिश की संभावना है। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। ओले भी गिरने की आशंका है। गुरुवार की बात करें तो अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, अमेठी और लखीमपुर समेत 13 शहरों में बारिश हुई। अयोध्या और गोंडा में ओले भी गिरे। अयोध्या में आंधी के कारण हाईवे पर कई जगह पेड़ उखड़ गए। लखनऊ में सुबह से तेज पूर्वी हवा चल रही है। दिनभर इसी तरह हवा चलने का अलर्ट है। फिलहाल, मौसम साफ बना हुआ है। दिन में बादल भी छाए रहेंगे। तेज धूप के चलते आज तापमान 40 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा सकता है। गुरुवार देर रात न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि आज पूर्वी और पश्चिमी यूपी में बारिश होगी। बादलों की गरज चमक के साथ में पूर्वी हवा भी चलती रहेगी। 20 अप्रैल तक यही स्थिति बनी रहेगी। पूर्वी यूपी में बादलों की गरज चमक के साथ में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बादल गरजने के साथ बिजली चमकेगी भी बनी रहेगी। अगले तीन दिन तापमान स्थिर रहेगा । इसके बाद धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। लखनऊ में मौसम सामान्य बना रहेगा। बादल छाए रहने के साथ में तेज हवा का असर बना रहेगा। गुरुवार की शाम पांच बजे मौसम अचानक बदल गया था। धूल भरी तेज हवा चलने लगी। शहर के कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। दिन में कई बार बादलों की आवाजाही भी देखने को मिली। पूर्वी हवा ने सुबह और शाम को लोगों को गर्मी से राहत दी। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने कहा- पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदला है। पश्चिम से आ रही हवाओं में काफी मात्रा में नमी है। यूपी में लो प्रेशर एरिया (निम्न दबाव) बन रहा है। इसके चलते बारिश हो रही है। अगले 24 घंटे में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम हो जाएगी। यूपी में अगले 4 दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। वहीं, बात न्यूनतम तापमान की करें तो अगले 5 दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक न्यूनतम तापमान उछाल आ सकता है। अमेठी में शुक्ल बाजार थाना क्षेत्र के ऊंचगांव में बादलों की गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आने से महिला झुलस गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। बाराबंकी में गुरुवार शाम को तेज आंधी-बारिश के बीच हादसा हुआ है। 4 लोगों की मौत हो गई। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है। थाना जैदपुर क्षेत्र के नवाबपुर कोड़री गांव में आंधी से बचने के लिए तीन लोग स्कूल में रुके थे। आंधी से स्कूल की दीवार और टीन शेड भरभराकर गिर गए। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

दूसरी घटना रामसनेहीघाट के बनी कोटर इलाके में हुई। यहां तेज आंधी के कारण एक पेड़ गिर गया। पेड़ की आड़ में खड़े दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गया है।

## शनि महाराज की मूर्ति संग हुआ नगर भ्रमण, आज होगी प्राण प्रतिष्ठा



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित गजहा बाबा मंदिर प्रांगण में भगवान शनिदेव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की मूर्ति के साथ नगर भ्रमण किया।



शनिदेव महाराज के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूजता रहा। भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। गजहा बाबा के मंदिर प्रांगण में भगवान शनिदेव के भव्य मंदिर का निर्माण सभी भक्त तथा नगरवासियों के सहयोग द्वारा कराया गया है।

अनुष्ठान के मुख्य यजमान ज्ञानेश्वर उर्फ ज्ञानी जयसवाल पत्नी कुंती देवी व पारसनाथ वर्मा पत्नी आरती वर्मा के द्वारा पूरे विधि-विधान पूर्वक से अनुष्ठान किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी लल्लन मिश्र ने बताया कि 19 अप्रैल को मूर्ति स्थापित किया जाना है।

20 अप्रैल को हवन, यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस दौरान राजेंद्र जयसवाल, मनोज, गुड्डु जयसवाल, राकेश जायसवाल, बिष्णु दयाल जयसवाल, सत्य प्रकाश, शैलेश जयसवाल, गुलाबचंद गुप्त, वदाना सोनकर, श्याम पांडेय, राजेश सोनकर, जयप्रकाश, प्रेमचंद वर्मा, पारस साहू सुरेंद्र साहू, सतीशचंद जायसवाल, गोरख साहू, अवधेश साहू, लल्लन जायसवाल, बच्चु सोनकर, प्रेमचंद साहू आदि मौजूद थे।

## शोभा यात्रा निकालकर नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के खिलाफ ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र से शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा हाटा मुख्य ।मार्केट से होते बाघनाथ चौराहा, कर्महा रोड, कोतवाली चौराहा से होते हुए कप्तानगंज चौराहे पर सम्पन्न हुआ। हाटा के विधायक मोहन वर्मा जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किये। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी एवं ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा उनका



अभिनंदन किया गया।बीकुशीनगर की संचालिका मीरा दीदी ने अभियान के उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा की मूल्यनिष्ठ समाज की स्थापना के लिए राजयोग द्वारा मानव जीवन को तनाव मुक्त व व्यसन मुक्त करके उनके अंदर देवत्व को जागृत करना एवं तंबाकू, गुटखा, पान, शराब, सिगरेट, बीड़ी जैसी नशीली पदार्थों को छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करना इस अभियान का लक्ष्यहै। उन्होंने व्यसन से होने वाले नुकसान से बचने के उपाय बताए। नारे लगाते हुए लोगों से अपील किया कि गुटखा, मदिरा, बीड़ी, पान ये है राक्षस की पहचान। हर गांव को गोकुल गांव बनाना है, नशे को दूर भगाना हमोतीचक की ब्लॉक प्रमुख अर्चना सिंह, सुधीर रुंगटा जी, छट्ठू गुप्ता, मनोज भाई, विजेंद्र भाई, सच्चितानंद मिश्र, सरिता, सुधा, अशोक भाई, छांगुर भाई, कन्हैया भाई, पवहारी भाई, हरि गोविंद भाई आदि सम्मिलित रहे।

## निक्षय मित्र नोडल ने वयोबृद्ध दिव्यांग को गोद ले दी पोषण की पोटली

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।**

सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कसया में इलाज कराने आए वयोबृद्ध दिव्यांग को निक्षय मित्र नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार मिश्रा ने गोद लिया और प्रोटीन युक्त पोषण से भरपूर पोटली देकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

शुक्रवार को सीएचसी पहुंचे टीबी के मरीज वयोबृद्ध दिव्यांग की जांच चिकित्सक ने की और उनके निर्देश पर निक्षय मित्र नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार मिश्रा ने दिव्यांग मरीज की दवा शुरू की। मरीज का हालत काफी दयनीय है।



दिव्यांग मरीज ने बताया कि वह काफी गरीब है। श्री मिश्रा ने आश्वस्त किया कि इलाज में कहीं कोई कमी नहीं होगी और हमेशा सहयोग किया जायेगा। यह सुनकर मरीज के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। श्री मिश्रा ने बताया कि समाज के प्रबुद्ध लोगों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली उपलब्ध कराई जा रही है। बताया कि पूरे जनपद में 4338 मरीज उपचार ले रहे हैं। लगभग 81प्रतिशत यानी 3524 मरीजो द्वारा गोद लेने की सहमति दी गयी है। पूरे जनपद में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी के प्रेरणा एवं निर्देशन में अभियान चलाकर गोद हेतु सहमति लेने वाले क्षयरोगियो में से 88 प्रतिशत लगभग 3101क्षयरोगियो को पोषण की पोटली दी जा चुकी है तथा शेष को देने के लिये प्रयास किया जा रहा है।

## कांग्रेस ने देश में जातिवाद और वोट बैंक की राजनीति को दिया बढ़ावाः डॉ रमापति राम त्रिपाठी

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** अम्बेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अम्बेडकर सम्मान अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित किया गया जिसमें वक्ताओं ने संविधान और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी सरकारों द्वारा किए गए कार्यों का बखान करते हुए डॉ अम्बेडकर और संविधान को बार बार अपमानित करने के लिए कांग्रेस को निशाने पर रखा।मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया और उन्हें सिस्टम से बाहर रखने की साजिश की। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि अंबेडकर को कांग्रेस ने दो बार



चुनावों में हराया और उनके योगदान को नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के लिए अंबेडकर के योगदान को कम किया। जब तक वह जीवित थे, कांग्रेस ने उनका अपमान किया। अंबेडकर समानता के पक्षधर थे, लेकिन कांग्रेस ने देश में जातिवाद और वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा था बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखकर हमारे देश को सम्मान से चलना सिखाया। उन बाबासाहेब का सम्मान सच में किसी ने सबसे अधिक किया है तो वो भारतीय जनता पार्टी ने किया है।बाबा साहब ने भावी भारत के लिए जिन कार्यों को पूरा करने का स्वप्न देखा था, उन सबको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सतीश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि संविधान और बाबा साहेब का कदम कदम पर कोई अपमान किया है तो वह है कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां। सत्तालोलुप कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देते हुए बार बार



संविधान का संशोधन कर संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया। श्री द्विवेदी ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर के निधन के पश्चात 1956 में उनके दिल्ली स्थित आवास 26, अलीपुर रोड को राष्ट्रीय स्मारक में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अस्वीकार कर दिया था। यह कार्य अंततः मोदी सरकार के दौरान 2016 में प्रारंभ हुआ और वर्ष 2018 में स्मारक का लोकार्पण किया गया। मोदी सरकार द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पाँच महत्वपूर्ण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया, जिनका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि वर्तमान भारत के निर्माण में बाबा साहब का अमूल्य योगदान है। भाजपा का संपूर्ण नेतृत्व बाबा साहब के कृतित्व और व्यक्तित्व को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। संगोष्ठी को कुशीनगर विधायक पीएन पाठक, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय,पूर्व विधायक दीपलाल भारती, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री राधेश्याम गोंड, क्षेत्रीय महामंत्री सुचित गोंड, अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एम पी कन्नौजिया,मोनू कन्नौजिया, धर्मेंद्र भारती,नकुल वर्मा ने भी सम्बोधित किया।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और संचालन जिला मीडिया प्रभारी व अभियान संयोजक विश्वरंजन कुमार आनन्द ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, कन्हैया गोंड, डॉ केपी गोंड, सुरेन्द्र कुमार भारती, भृगुराशन प्रसाद,सरस प्रसाद, सभासद बबलू खरवार, मोहन प्रसाद खरवार, बैरिस्टर भारती सहित पार्टीजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त डायरी

### जितेंद्र कुमार एआरपी (विज्ञान) के पद पर चयनित



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** विकास खंड सेवरही जनपद- कुशीनगर में कार्यरत शिक्षक जितेंद्र कुमार का चयन एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) विज्ञान के पद पर होने से शिक्षकों में खुशी की लहर है' श्री कुमार पुत्र काशी प्रसाद मूल रूप से तरया सुजान के निवासी हैं। उनकी प्राथमिक शिक्षा गांव से ही हुई। एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की शिक्षा प्रथम श्रेणी में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर से प्राप्त की तथा बीएड कोर्स बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इसके उपरांत इनका चयन बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर हुआ। विद्यालय पर प्रभारी प्रधानाध्यापक के दायित्वों का निर्वहन करते हुए एआरपी।के पद पर चयनित हुए। इस चयन के मौके पर विनोद कुमार, अंगपाल गोंड, अजीत कुमार यादव, दीपक कुमार यादव, विजय सिंह (पूर्व ए0आर0पी0), रामाश्रय कुशवाहा (पूर्व ए0आर0पी0), संतोष शर्मा ( पूर्व एआरपी) ग्राम प्रधान तरया सुजान एवं प्रधान संघ के अध्यक्ष ब्लॉक इकाई।सेवरही कृष्ण कुमार राय ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर धोढा प्रसाद, नसरुल्लाह अंसारी, राकेश राय, अटेवा ब्लॉक इकाई सेवरही अध्यक्ष अनुराग पटेल, मंत्री विवेक यादव इत्यादि ने शुभकामनाएं दी।

### झांसी में रेलवे ट्रैक पर फंसी कार, ट्रेन ने उड़ाया



**झांसी।** में रेलवे ट्रैक पर कार फंस गई। तभी ट्रेन आ गई, यह देख ड्राइवर समेत 3 लोग कूदकर भाग गए। पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोकने की कोशिश की, लेकिन ट्रेन ने कार को टक्कर मार दी। वहीं सूचना पर पहुंची GRP ने कार सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।अब ड्राइवर ने खुद को बचाने के लिए सारा दोष गुगल पर मढ़ दिया है। ड्राइवर का कहना है कि गूगल मैप की गलत लोकेशन के चलते कार रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई, जिससे हादसा हुआ। घटना बुधवार रात झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर मगरपुर रेलवे स्टेशन के पास की है।16 अप्रैल की रात लगभग 11.30 बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेस ग्वालियर से वाराणसी की ओर जा रही थी। झांसी रेल मंडल के मगरपुर रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर पहले पटरी पर एक बोलेरो कार पटरी पर आ गई।ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रैक पर कार को देखते ही ट्रेन को रोकने के लिए इमरजेंसी ब्रेक लगा दी, लेकिन ट्रेन ने कार को टक्कर मार दी। इसके बाद आगे जाकर रुक गई। हादसे की सूचना पर ऋऋद्ध टीम पहुंची। आरपीएफ और जीआरपी ने काफी मशक्कत के बाद कार को ट्रैक से हटाया। करीब एक घंटे की देरी के बाद ट्रेन वाराणसी के लिए रवाना हुई।करार थाना प्रभारी अमीराम सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब 12 बजे की घटना है। कार की नंबर प्लेट से गाड़ी मालिक तक पहुंचे। तालबेहट निवासी ड्राइवर रविंद्र गुर्जर ने बताया कि वह गुगल मैप लगाकर ललितपुर जा रहे थे। कार में हेमंत साहू, ललितपुर और अनुतेंद्र सिंह तालबेहट सवार थे। कार रेलवे ट्रैक की गिट्टियों में फंस गई। फाटक नहीं होने से ट्रेन के आने का पता नहीं चला।कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया- कार ड्राइवर रविंद्र तोमर ने रेलवे के नियमों का उल्लंघन करते हुए पटरी पार की है। ये रेलवे एक्ट के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सांप से डसवाने से पहले पति संग मंदिर गई थी



**मेरठ।** बेटी और अमित के बीच कभी ऐसी कोई अनबन नहीं थी, जो हत्या तक पहुंचती। ससुराल में अमित को छोड़कर बाकी लोग रविता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं करते थे। मुनेश ने अमरदीप के बारे में कभी नहीं बताया था। इस मामले में कुछ और सच्चाई है, जिसे पुलिस नजरअंदाज कर रही है। मेरी बेटी हत्या नहीं कर सकती है।यह कहना है रविता की मां मुनेश का। रविता ने 12 अप्रैल को प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की, फिर सांप से उसे 10 बार डसवाया था।इधर, पुलिस को रविता का एक वीडियो मिला है। इसमें पति-पत्नी दंडवत प्रणाम करते दिखाई पड़ रहे हैं। बैकग्राउंड में 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिए' गाना बज रहा है। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि वारदात के दिन रविता अपने पति के साथ सहारनपुर में शाकंभरी माता के दर्शन करने गई थी।वहां से लौटते वक्त रविता ने बॉयफ्रेंड अमरदीप को कॉल और मैसेज कर उसी रात मर्डर की प्लानिंग बताई और रात में पति का मर्डर कर दिया। पुलिस ने दोनों को अरेस्ट कर कोर्ट में पेश किया। दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।अमित कश्यप की ससुराल, मुजफ्फरनगर के सैदपुर खुर्द गांव पहुंची। यहां रविता की मां मुनेश और भाई गुलाब सिंह से बात की गई। परिवार ने पुलिस की कहानी पर गहरा संदेह जताया। मां मुनेश ने कहा- अमित पर अमरदीप का कुछ पैसा बकाया था। घटना से 15 दिन पहले दोनों में मारपीट हुई थी, जिसका फैसला कराने मैं खुद अकबरपुर गई थी। उस वक्त बेटी और दामाद बेहद खुश थे। बेटी ऐसा नहीं कर सकती है।रविता के भाई गुलाब सिंह ने बताया- अमित और रविता ने 4 साल मेहनत करके मकान बनाया। उनके रिश्ते में कभी कोई दरार नहीं दिखी। सांप के काटने की खबर मिलने पर हम अस्पताल पहुंचे। हमने पोस्टमॉर्टम की सलाह दी, जबकि रविता और अमित का परिवार इसके खिलाफ था। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। असल कातिल को सजा मिले, निर्दोष को नहीं।रविता की भाभी मोनिका ने बताया कि अमित और रविता की लव मैरिज हुई थी। दोनों बेहद खुश थे। उस रात रविता, अमित और बच्चे एक ही कमरे में थे। बाहर अमित का परिवार सो रहा था। अगर गला घोंटा गया, तो अमित ने शोर क्यों नहीं मचाया? परिवार को कोई आहट क्यों नहीं सुनाई दी? रविता ऐसा नहीं कर सकती। पड़ोस में रहने वाली रिश्ते की दादी कुंतेश ने कहा- हम रविता को जन्म से जानते हैं। उसका स्वभाव ऐसा नहीं है कि वह हत्या करे।

# संपादकीय

## ब्राह्मणों के अपमान का फैशन-सा चल पड़ा है




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

जहां तक कर्नाटक के शिवमोगा में सीईटी परीक्षा केंद्र आदिचुंचनगिरि पीयू कॉलेज में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहने की बात है तो इसको देखकर हर कोई स्तब्ध है। कर्नाटक ब्राह्मण सभा के सदस्य नटराज भागवत की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। देखना होगा कि इस मामले में कोई बड़ी कार्रवाई होती है या नहीं लेकिन जिसने भी जनेऊ उतारने के लिए कहा या कहलवाया उसे पता होना चाहिए कि यज्ञोपवीत यानि जनेऊ ब्राह्मण को प्रदत्त महान शक्ति है। यह शक्ति अत्यन्त शुद्ध चरित्रता और कठिन कर्तव्य परायणता प्रदान करने वाली है। यज्ञोपवीत न तो मोतियों का है और न स्वर्ण का, फिर भी यह ब्राह्मणों का आभूषण है। इसके द्वारा देवता और ऋषियों का ऋण चुकाया जाता है। जिन्होंने छात्रों को जनेऊ उतारने के लिए कहा उन्हें पता होना चाहिए कि यज्ञोपवीत से सत्य व्यवहार की आकांक्षा, अग्नि के समान तेजस्विता और दिव्य गुणों की पवित्रता प्राप्त होती है।

रोज सुबह-शाम ईश्वर की आराधना करते समय सबके कल्याण और विश्व में शांति के लिए प्रार्थना करने वाले ब्राह्मणों ने किसी का क्या बिगाड़ा है? यह सवाल हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कभी दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की दीवारों पर ब्राह्मण भारत छोड़ो का नारा लिख कर वामपंथी सामाजिक तनाव फैलाने का प्रयास करते हैं तो कभी खबर आती है कि कर्नाटक में एक परीक्षा केंद्र में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहा जाता है। कभी खबर देखने को मिलती है कि एक फिल्म निर्माता निर्देशक ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात खुलेआम कह देता है।

देखा जाये तो हमारे देश की जाति व्यवस्था में ब्राह्मण को गुरु, पूज्य और यहाँ तक कि तीर्थस्वरूप माना गया है। कोई भी शुभ कार्य करना हो तो ब्राह्मण ही उसे संपन्न कराता है। पौराणिक ग्रंथों में तो उल्लेख मिलता है कि ब्राह्मण को कभी निराश नहीं करना चाहिए और ब्राह्मणों को दिये जाने वाला दान-दक्षिणा जन्म जन्मांतरों तक मनुष्य को अक्षय फल प्रदान करता है। लेकिन आज ब्राह्मणों के अपमान का फैशन-सा चल पड़ा है। चूंकि ब्राह्मण अपने हक के लिए या अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार के विरोध में सड़कों पर नहीं उतरते इसलिए सरकारों का ध्यान भी उनकी ओर नहीं जाता। देखा जाये तो इतिहास गवाह है कि ब्राह्मणों ने कभी विद्रोह नहीं किया ना ही अपने हक के लिए कोई बड़ी लड़ाई लड़ी है। ब्राह्मण का प्रयास रहता है कि समाज में शांति और समृद्धि बनी रही। ब्राह्मणों के खिलाफ अक्सर अफवाहें और दुष्प्रचार अभियान भी चलाये जाते हैं लेकिन वह खामोशी से यह सोचते हुए सब कुछ देखते रहते हैं कि एक दिन प्रभु कृपा से सच सामने आ ही जायेगा।


# कनीना अनाज मंडी में रोके नहीं रूक रही अनियमितताएं

## खरीदी गई सरसों के 4 हजार बैग क्वालिटी में फेल, रेवाडी गोदाम से भेजे गए वापिस

### खरीद एजेंसी द्वारा मार्केट कमेटी सचिव को बार-बार पत्र लिखने के बाद भी नहीं कराई जा रही सरसों की सफाई

### एनसीसीएफ द्वारा 9 अप्रैल तक खरीदी गई थी एक लाख 14 हजार क्विंटल सरसों





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** फसल खरीद कार्यों में अनियमितताएं बरतने को लेकर सुर्खियों में आई कनीना आनाज मंडी में नित नए खुलासे हो रहे हैं। शनिवार को एनसीसीएफ द्वारा खरीदी गई सरसों में से 4 हजार बैग सरसों क्वालिटी में फेल हो गई। जिन्हें रेवाडी के गोदाम से वापिस कनीना मंडी भेजा गया है। उनके स्थान पर क्वालिटी वाली सरसों पैक कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इस बारे में एनसीसीएफ के मुख्य खरीद अधिकारी रिषीपाल सिंह व क्वालिटी नियंत्रक अधिकारी रजनीश कौरव ने बताया कि उनकी ओर से बीती 9 अप्रैल तक 1.14 लाख क्विंटल सरसों की खरीद कनीना की नयी अनाज मंडी चेलावास से की थी। खरीदी गई इस सरसों को रेवाडी के गोदाम में लगाया जा रहा था जिसमें से दी चेलावास को-ओपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन सोसायटी के 1500 बैग व दी लांबा को-ओपरेटिव सोसायटी के 2500 बैग सरसों क्वालिटी में हलकी व बरसात में भीगी हुई मिली। जिन्हें रिजेक्ट कर गोदाम से दोनों सोसायटीज को वापिस भेज दिया गया। शनिवार को उनकी टीम ने कनीना मंडी पंहुचकर खराब सरसों के वाहनों को अनलोड करवाया ओर सम्बंधित सोसायटी से गुणवत्तापरक सरसों लोड करवाने के निर्देश दिए।

**वर्सन प्रबंधक स्टेट वेयर हाउस**

स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा सिंह ने बताया कि सरसों खरीद करने के बाद व्यापारियों द्वारा बिना झराई के सीधे ही बैग में भरी जा रही है। जबकि उनकी ओर से सरसों को साफ करवाकर भरवाने के लिए मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह को बार-बार पत्र लिखे जा रहे हैं। जिन पर सचिव की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने मंडी में बताया कि अब तक कुल 3 लाख 80 हजार बैग सरसों की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 2 लाख 22 हजार बैग का उठान किया जा चुका है। गेहूं की खरीद एजेंसी फूड सप्लाई के निरीक्षक ध्यान सिंह ने बताया कि उनकी ओर से 43641 क्विंटल की खरीद की जा चुकी है जबकि 25 हजार क्विंटल का उठान किया गया है।

**मार्केट कमेटी सचिव व मंडी सुपरवाइजर पर लगे थे अवैध वसूली के आरोप**

बता दें कि इससे पूर्व कनीना मंडी के एक आढती धर्मबीर सिंह द्वारा मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह व मंडी सुपरवाईजर सतीश कुमार पर 4 रूपये प्रति बैग के हिसाब से रिश्वत लेने के आरोप जडते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व मुख्य प्रशासक मकेश कुमार आहुजा सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत की हुई है। शिकायत में उन्होंने मार्केट कमेटी कर्मचारियों द्वारा उनकी फर्म बाबा उमन सिंह व डिम्पल टेडिंग कम्पनी के नाम से खरीफ व रबि फसल खरीद कार्य से वंचित कर दिया। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड रहा है। बीते समय हुई बाजरे की खरीद के समय इन कर्मचारियों ने नाजायज रूप से दबाव बनाकर 60 हजार रूपये रिश्वत तथा गेट पास जारी करने के अलग से पैसे की मांग की थी। उच्च अधिकारियों को भेजी गई शिकायत में उन्होंने भ्रष्ट सचिव विजय सिंह व मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार के विरूध कठौर कार्रवाई करने की मांग की है।

**व्यापार मंडल आया कर्मचारियों के पक्ष में**

ईधर मार्केट कमेटी सचिव पर आढती द्वारा लगाए गए रिश्वत मांगने के आरोप में व्यापार मंडल बचाव में आया है। उन्होंने मार्केट कमेटी कर्मचारियों पर विधिवत रूप से कार्य करने की बात कही है। व्यापार मंडल के सद्स्यों ने कहा कि व्यापारी द्वारा लगाए गए आरोप व्यक्तिगत रंजिसवश भी हो सकते हैं। उनकी ओर से कोई रिश्वत नहीं ली जा रही।

**वर्सन डीएम स्टेट वेयर हाउस**

इस बारे में स्टेट वेयर हाउस की डीएम रेखा मलिक ने कहा कि उनकी ओर से उनकी ओर से मार्केट कमेटी सचिव कनीना को बार-बार पत्र लिखकर आढतियों से झार लगाकर साफ-सुथरी सरसों बैगों में डलवाने के लिए कहा जा रहा है लेकिन मार्केट कमेटी सचिव विजय की ओर से उस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आढतियों द्वारा बिना झार लगाए सरसों पैक करने पर सचिव द्वारा न तो उनके नोटिस जारी किए जा रहे हैं ओर न ही उनके लाईसेंस सस्पेंड किए जा रहे हैं। बरसात के समय भी मंडी में सरसों भीग जाती है। ऐसी ही सरसों बैग में पैक मिली तो जांच करके हजारों बैग सरसों ओर वापिस भेजी जाएगी।

# नगरपालिका कनीना के पौने तीन करोड रूपये दुकानदारों में अटके

### विकास कार्य प्रभावित की संभावना

### मॉनसून से पहले कराई जाएगी नालों व जोहडों की सफाई: डॉ रिंपी कुमारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना नगरपालिका के अंतर्गत 629 दुकानें हैं। जिनसे होने वाली आमदनी को विकास कार्यों पर खर्च की जाती है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि पिछले 5-6 वर्षों से दुकानदारों का नियमित रूप से किराया न देने से 31 मार्च 2025 तक 27584490 रूपये की राशि अटक गई है। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो गए हैं। इन दुकानों में 62 दुकानों पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा हक जताया जा रहा है जिस पर अभी तक फैसला नहीं हो सका है जबकि हाल ही में हुई पैमाईश में 8 दुकानें बिजली निगम कार्यालय की भूमि चिन्हित हुई हैं। विदित रहे कि नगरपालिका कनीना के पास 2878 कनाल भूमि है जिसमें से 335 कनाल भूमि कृषि योग्य है जिसे प्रतिवर्ष बोली पर छोडी जाती है। करीब 480 कनाल भूमि पर अवैध कब्जे किए हुए हैं। जिन्हें छुडवाने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।


नगरपालिका की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने बताया कि अवैध कब्जों को हटवाने के लिए सब डिविजनल, जिला स्तरीय एवं हाई कोर्ट में 45 केस विचाराधीन हैं। नगरपालिका प्रशासन की ओर से सभी 14 वार्डों में एक समान रूप से विकास कार्य करवाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि भवन निर्माण करते समय वे नपा कार्यालय से संर्क कर प्रोपर्टी आईडी तथा नक्सा पास करवाएं।

चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने बताया कि मॉनसून से पहले सीवरेज, नालों एवं जोहडों की सफाई करवाई जाएगी। जिससे निचले स्थानों पर जमा होने वाले बरसाती पानी से आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक जोहड का छटाईं कार्य शुरू किया जा चुका है। इन जोहडों की शीघ्र की पैमाइश करायी जाएगी ओर पानी सूखने के बाद उनकी रिटेनिंग वॉल भी बनाई जाएगी। जोहड के पानी को फिल्टर करने के लिए सयंत्र भी लगाया जाएगा। उसके बाद इस पानी का उपयोग फसल सिंचाई में किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए आमजन का सहयोग अपेक्षित है। प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेवारी समझे ओर कूडे को एकत्रित कर उसका सही जगह पर निष्पादन करे। सडक मार्गो को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा जाम से छुटकारा दिलाने के लिए रेहडी-फडी वालों को सदर थाने के पास अटेली रोड की ओर भेजा गया है। नपा प्रशासन के आदेशों का पालन नहीं करने वालों का चालान किया जाएगा।

नपा की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने कहा कि नपा प्राथमिकता के आधार पर बुनियादी सुविधाओं को बढाने की दिशा में कार्यरत है। उनकी ओर से पार्कों की साफ-सफाई व सुंदरता बढाई गई है।

# नगीना करहेड़ी मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

### प्राचीन शिव मंदिर अस्थल मार्ग पर लगाई जाए अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइट



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नगीना करहेड़ी मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था न होने की वजह से मंदिर आने जाने वाले भक्त जनों के साथ राहगीरों को भी आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सर्वजातीय सेवा समिति की उपाध्यक्ष रजत जैन, नितिन दुबे, प्राचीन शिव मंदिर अस्थल कमेटी के अध्यक्ष किशनचंद गुप्ता, ऋतिक आर्य ने बताया कि इस मार्ग पर प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर अस्थल मंदिर के अतिरिक्त ब्राह्मण चौपाल ,बाल मोक्षधाम, कब्रिस्तान आदि अनेक सामाजिक व धार्मिक स्थल आते हैं। जिसकी वजह से राहगीरो के अलावा मंदिर आने जाने वाले भक्तिजनों की आवाजाही लगी रहती है। रात्रि में मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के अतिरिक्त राहगीरों को भी अंधेरे में इस मार्ग से आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रात्रि में कीड़े काँटे के काटने का भय बना रहता है। वही असामाजिक तत्वों की वजह से अपराधिक घटनाओं का भी डर रहता है। क्योंकि इस मार्ग पर कई बार लूटपाट की घटनाएं घटित हो चुकी है। वही जंगली जानवरों के हमला का भी खतरा बना रहता है। रजत जैन ने बताया की ये मार्ग खंड के मुख्य मार्ग में से एक है यह मार्ग कई गांवों को एक दूसरे से जोड़ता है जिसकी वजह से एक मार्ग पर जनता का आवागवन भी अधिक रहता है। सरकार में प्रशासन से पुन: जोर मांग है की जन समस्या के समाधान के लिए वह जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग पर शीघ्र ही तुरंत प्रभाव से स्ट्रीट लाइट लगवाए। जिससे कि आने जाने वाले भक्तजनों व राहगीरों को रात्रि में होने वाली अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बच सके।

# नूँह में हुआ भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा का आयोजन

## सम्मान सभा में मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक रहे



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय झिर-कमल, नूँह में भारत रत्न व संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत सम्मान सभा व कार्यशाला आयोजित कर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सम्मान सभा में मुख्य वक्ता भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक रहे। प्रोफेसर डॉ॰ महेन्द्र व योगेश तंवर ने भी बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पिंटू, जिला प्रमुख जान मौहम्मद, जिला महामंत्री जतिन बुसरी, जिला महामंत्री श्रीपाल शर्मा, डॉ. महेन्द्र, वरिष्ठ समाजसेवी संजय गर्ग बिट्टू, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप आर्य, चेयरमैन मनीष जैन, चेयरमैन सुंदर पहलवान, राजू सरपंच, जिला मंत्री ममता राजपूत, अरसद हुसैन सरपंच बैंसी के अलावा सैंकडों भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मान सभा व कार्यशाला को संबोधित कर मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को ख़िराज-ए-अकीदत पेश करते हुए कहा कि बाबा साहब जैसी सखशियतें कभी कभार ही जन्म लेती हैं। बाबा साहब ने भारत को ऐसा संविधान दिया जिसकी पूरी दुनिया में मिसाल है। बाबा साहब एक व्यक्ति नहीं बल्कि ज्ञान के भंडार थे, जिनकी पूरी दुनिया सम्मान करती है।

ज़ाकिर हुसैन ने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोलते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा दिए गए संविधान के साथ कांग्रेस ने बार-बार छेड़छाड़ की है। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब को कभी भी सम्मान नहीं दिया। समय समय पर उन्हें व उनके द्वारा दिए गए संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस ने उनकी समाधि को ना तो दिल्ली में जगह दी और ना ही संसद में उनकी प्रतिमा लगने दी। कांग्रेस ने केवल देश के लोगों को समय समय पर बरगलाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिन्होंने हमेशा महापुरुषों का सबसे ज्यादा सम्मान किया है।

भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र पिंटू के नेतृत्व में बाबा साहब की जीवनी, उनके द्वारा किए गए देश हित कार्यों, संविधान आदि को लेकर गाँव गाँव और हर एक बूथ पर लोगों के बीच जाएंगे और लोगों को उनके बारे में बताएंगे। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बाबा साहब के आदर्शों व सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पण भाव से निरंतर कार्य कर रही है।

# तारों के मरम्मत कार्य के चलते आज 3 घंटे बाधित रहेगी कनीना कनीना की बिजली

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन कनीना में बिजली लाईनों की मरम्मत कार्य के चलते आज रविवार, 20 अप्रैल को सुबह आठ बजे से 11 बजे तक सभी फीडरों की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इस बारे में एसएसई बीर सिंह जीवेदी ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति को लेकर लाग्नों को दुरूस्त किया जा रहा है।

# जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।


# ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।



'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
## आवश्यकता है
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## मोगा में मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां का विरोध: किसानों ने रोका रास्ता



**मोगा :** मोगा में कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को फतेहगढ़ पंजतूर के समारोह में जाते समय रास्ते में किसानों ने विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर भारी पुलिस फोर्स ने किसानों को रोकने की कोशिश की। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई। किसान नेता गुरदेव सिंह ने बताया कि किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के सदस्य मंत्री से सवाल करने पहुंचे थे जो आम किसानों और मजदूरों से जुड़े हुए हैं। लेकिन हमें पुलिस प्रशासन द्वारा रास्ते में ही रोक दिया गया। थाना मंडी के सामने बैरिकेड लगाकर हमें रोका गया। किसान अपने हक के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, सरकार उनको रोक रही है। आम लोग शराब पीने की लत के कारण बर्बाद हो रहे हैं, उनके घर उजड़ रहे हैं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती। हम पंजाब सरकार की इस तानाशाही नीति की सख्त शब्दों में निंदा करते हैं।

## अब अजनाला थाने में धमाका: हैप्पी पासिया के साथी जीवन फौजी ने ली जिम्मेदारी




**अमृतसर :** बब्बर खालसा के आतंकवादी हैप्पी पासिया की अमेरिका में गिरफ्तारी के बाद उसके साथियों की ओर से अजनाला थाने के पास ग्रेनेड हमला किया गया है। इसकी जिम्मेदारी हैप्पी पासिया के साथी जीवन फौजी ने इंटरनेट पर एक पोस्ट डालकर ली है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस किसी भी तरह के धमाके से इनकार कर रही है। अजनाला थाने में शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे धमाका हुआ। इसके बाद जीवन फौजी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी जिम्मेदारी ली। जीवन फौजी ने लिखा है कि थाने में जो धमाका हुआ है वह उसी ने करवाया है। उसने कहा कि बिना कारण उनके साथियों को जेल से लाकर अवैध दस्तावेज बनाए जा रहे हैं और उसके बाद उनके परिवारों को तंग किया जा रहा है। उसने कहा कि पुलिस जिस तरह का माहौल तैयार कर रही है, वह 1984 का दौर वापस ला रही है। जीवन फौजी ने लिखा कि अगर पुलिस ने इसी तरह अपनी कार्रवाई जारी रखी तो आने वाले समय में पुलिस के लिए मुश्किलें और बढ़ जाएगी।

## पंजाब के युवक की मनीला में मौत



**पंजाब :** पंजाब के बरनाला के एक युवक की विदेश में मौत हुई है। मनीला (फिलपीन) में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक युवक बरनाला के गांव महल कलां का रहने वाला था और परिवार का एकलौता बेटा था। घटना से पूरे इलाके में शोक है। महल कला के सरबजीत सिंह संभू ने बताया कि मृतक युवक जीवनजोत सिंह (28) करीब दो साल पहले सुनहरे भविष्य की तलाश में विदेश गया था। जहां वीरवार को उसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उनके पिता की मृत्यु लगभग 12 वर्ष पहले हो गई थी। घर में जीवनजोत की माता रहती है। इस दुखद घटना के बाद घर में रह रही एकल मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि परिवार मृतक बच्चे का शव पंजाब लाने में असमर्थ है। इसके लिए वह पंजाब और केंद्र सरकार से अपील कर रहे हैं कि उनके बेटे के शव को पंजाब वापस लाने में मदद की जाए।

## पठानकोट में पलटी इनोवा: छह लोग थे सवार, दिल्ली से श्रीनगर जा रही थे सभी, दो की मौत

**पठानकोट :** पंजाब के पठानकोट में शुक्रवार को सड़क हादसा हुआ है। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा पठानकोट-जम्मू नेशनल हाईवे पर पठानकोट के माधोपुर के पास हुआ है। यहां एक कार संतुलन बिगड़ने के बाद हादसे का शिकार हो गई। कार में छह लोग सवार थे, जिनमें से दो की मौत हो गई और चार घायल हुए हैं। सभी कार सवार लोग दिल्ली से श्रीनगर जा रहे थे। मृतकों की पहचान सुशील कुमार (35) नागडोरी दिल्ली और नरेश कुमार (45) निवासी किल नगर मुहास पार्क दिल्ली के रूप में हुई है। वहीं घायलों में सतीश कुमार, विकास चड्ढा निवासी विकासपुरी उत्तम नगर वेस्टर्न दिल्ली, केवल झा (42) (ड्राइवर) निवासी दीपक विहार दिल्ली, अरुण (45) नागडोरी दिल्ली, सतीश कुमार निवासी निवासी मोहन गार्डन वेस्टर्न दिल्ली का रहने वाला है। हादसे में घायल दिल्ली निवासी विकास चड्ढा ने बताया कि वह छह अन्य लोग इनोवा में सवार होकर दिल्ली से किसी कार्य लिए श्रीनगर जा रहे थे। माधोपुर के पास मोड़ पर कार चालक नियंत्रण खो बैठा, जिस वजह से हादसा हो गया। वहीं सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) की टीम मौके पर पहुंची। एसएसएफ टीम के कांस्टेबल लखबीर सिंह ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना मिली कि माधोपुर में कार दुर्घटना हो गई है। वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों का इलाज पठानकोट के प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। जांच अधिकारी एएसआई दलबीर सिंह ने बताया कि दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिए गए हैं। घायल विकास चड्ढा के बयानों के आधार पर पुलिस की तरफ से कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतकों के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। वह पठानकोट पहुंच रहे हैं। परिवार की तरफ से शिनाख्त करने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घायल चड्ढा ने बताया कि उनका नेशनल हाईवे का कार्य है और शुक्रवार को वह लोगों को छोड़ने के लिए श्रीनगर जा रहे थे।

# पंजाब में बिजली संकट का खतरा: पंजाब व हिमाचल के बांधों में जलस्तर घटा

## अभी से रिकार्ड तोड़ रही है मांग

**पंजाब :** पंजाब व हिमाचल प्रदेश के बांधों में इस समय पानी का स्तर पिछले साल की तुलना में काफी कम हो गया है। गरमी और धान की बुआई भी नजदीक है। ऐसे में बिजली संकट का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इस बार पंजाब में ज्यादा गरमी पड़ने की संभावना जताई है। पावरकॉम ने भी गरमी के पीक सीजन में बिजली की अधिकतम मांग 17500 मेगावाट तक जाने का अनुमान लगाया है। इससे पंजाब में पीक सीजन में बिजली संकट गहरा सकता है। बारिश की कमी बांधों में पानी के स्तर के कम होने का प्रमुख कारण बताया जा रहा है। भाखड़ा बांध में 17 फीट कम पानी प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हिमाचल प्रदेश स्थित भाखड़ा बांध में इस समय पिछले साल के मुकाबले जलस्तर 17.01 फीट कम है। इस समय भाखड़ा बांध में पानी का स्तर 1553.60 फीट है, जबकि पिछले साल यह 1570.61 फीट था। वहीं भाखड़ा बांध में पानी की आवक फिलहाल 9600 क्यूसिक है, जबकि



पिछले साल यह 9949 क्यूसिक थी। हिमाचल के ही पौंग बांध में पिछले साल के मुकाबले पानी का स्तर सबसे अधिक 31.77 फीट कम है। वर्तमान में पौंग में पानी का स्तर 1294.31 फीट है। पिछले साल यह इसी अवधि में 1326.08 फीट था। हालांकि वर्तमान में पौंग में पानी की आवक पिछले साल के 1731 क्यूसिक के मुकाबले 2140 क्यूसिक है। पंजाब के एकमात्र रणजीत सागर डैम (आरएसडी) में पानी का स्तर बीते साल की तुलना में 10.03 मीटर कम है। इस समय आरएसडी में पानी का स्तर 497.46 मीटर है। पिछले साल यह 507.49 मीटर था। इस डैम में पानी की आवक भी 5426 क्यूसिक है, वहीं पिछले साल यह 8179 क्यूसिक थी। डैहर बांध में पानी का स्तर में भले ही कुछ खास अंतर नहीं है, लेकिन आवक काफी कम है।

> *बांधों से पैदा होने वाली हाइड्रो बिजली का शेयर पंजाब के साथ राजस्थान, हरियाणा को भी मिलता है। ऐसे में इन राज्यों में भी बिजली संकट पैदा होने का खतरा बन गया है।*

डैहर में इस समय पानी की आवक 4979 क्यूसिक है जबकि बीते साल यह 6381 क्यूसिक थी।

**पंजाब व हिमाचल में सामान्य से काफी कम बारिश**

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पंजाब में एक मार्च से 17 अप्रैल तक बारिश सामान्य से 67 फीसदी कम दर्ज की गई है। 31.9 एमएम की सामान्य बारिश के मुकाबले 10.7 एमएम की बारिश हुई है। वहीं हिमाचल प्रदेश में भी इस समय अवधि के दौरान 36 फीसदी कम बारिश हुई है। 51.3 एमएम की सामान्य बारिश की तुलना में 96.8 एमएम की बारिश हुई है। माहिरों के मुताबिक रणजीत सागर डैम में अगर इसी तरह से पानी का स्तर कम बना रहा, तो इसके 600 मेगावाट की क्षमता वाले चारों यूनिटों को पीक सीजन में केवल शाम के समय ही चालू किया जा सकता है। क्योंकि इस समय बिजली की मांग ज्यादा रहती है।

## पंजाब की मंडियों में 125 लाख मीट्रिक टन गेहूं की संभावना

**पंजाब :** पंजाब के खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोगता मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने आज रूपनगर की दाना मंडी में गेहूं की चल रही खरीद का जायजा लिया, उन्होंने कहा कि पंजाब में इस बार गेहूं की बंपर फसल हुई है और इस सीजन के दौरान लगभग 125 लाख मीट्रिक टन गेहूं आने की संभावना है। खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोगता मामले मंत्री कटारूचक्क ने आगे कहा कि अब तक मंडियों में 13 लाख 16 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आमद हो चुकी है। इसमें से लगभग 11 लाख मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों के खातों में 703 करोड़ रुपये की अदायगी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जहां अदायगी खरीद होने के 24 घंटों में की जा रही है, वहीं लिफ्टिंग में भी कोई ढिलाई नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि उन्हें मंडियों के दौरे के दौरान फिलहाल कोई मुश्किल सामने नहीं आई। खाद्य और आपूर्ति मंत्री के अनुसार, मौसम अगर इसी तरह साथ देता रहे, तो इस बार गेहूं के दाने की गुणवत्ता भी बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि मंडियों में आए अनाज को मौसम की मार से बचाने के लिए सभी एजेंसियों



और आढ़तियों को तरपालों और करेटों के सुरक्षित प्रबंध रखने के लिए कहा गया है। इसके अलावा बारदाने की भी कोई कमी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह के आदेशों अनुसार वह खुद मंडियों का दौरा करके चल रही खरीद कार्यों का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि खरीद कार्यों से जुड़े सभी अधिकारियों को सख्त हिदायतें दी गई हैं कि मंडियों में कोई भी ढिलाई न हो और किसी भी किसान या आढ़ती को दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस मौके पर कटारूचक्क ने मजदूर भाईचारे से बातचीत करते हुए कहा कि धरती पर असली देवता मजदूर हैं जो इतनी मेहनत-मशक्कत से अपना परिवार पालते हैं। उन्होंने मजदूरों का फसलों के मंडीकरण में सहयोग के लिए धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार हमेशा इनके साथ खड़ी है और सरकारी ने इनका मेहनताना सिर्फ 1 वर्ष में ही 2 बार बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पहले 1 रुपये 80 से बढ़ाकर 2 रुपये 21 पैसे किया गया और बढ़ती महंगाई और आढ़तियों की मांग को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री पंजाब स भगवंत सिंह मान ने साहसिक फैसला लेते हुए 43 पैसे का और बढ़ाकर इनका रेट 2 रुपये 64 पैसे किया है। उन्होंने बताया कि इस बढ़ोतरी से लगभग 10 करोड़ रुपये का लाभ इस मजदूर भाईचारे को होगा। राज्य सरकार ने 130 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद के प्रबंध किए हैं ताकि किसानों द्वारा मंडियों में लाए गए गेहूं का हर दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाना सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने किसानों की मेहनत से पैदा किए गए अनाज के हर दाने को खरीदने संबंधी राज्य सरकार की वचनबद्धता को भी दोहराया।

## पंजाब पुलिस ने दो गुर्गों को किया गिरफ्तार



**पंजाब:** पंजाब को सुरक्षित प्रदेश बनाने के मद्देनजर चल रही मुहिम के तहत एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने तरनतारन पुलिस के साथ साझा ऑपरेशन में आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लंडा हरीके और गैंगस्टर सतनाम सिंह उर्फ सत्ता नौशहरा गैंग के दो प्रमुख गुर्गों को जिला तरनतारन के गांव जवंदा के पास हुई संक्षिप्त गोलीबारी के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शुक्रवार को दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान महकप्रीत सिंह उर्फ महिक, निवासी गांव सेखवां, बटाला और युवराज सिंह उर्फ जग्गू, निवासी मुरादपुरा, तरनतारन के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो आधुनिक पिस्तौले - जिनमें एक 9 एमएम गलौक और एक .30 कैलिबर पीएक्स 30 शामिल है , के साथ-साथ जिंदा कारतूस और गोलियों के खोल भी बरामद किए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता चला है कि दोनों को विदेशी हैंडलरों द्वारा पंजाब में टारगेट किलिंग करने की वारदातों को अंजाम देने के लिए काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा, इन दोनों गुर्गों की गिरफ्तारी से पंजाब पुलिस ने प्रदेश में टारगेट किलिंग और कई अन्य सनसनीखेज अपराधों को टालने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में और विवरण साझा करते हुए अतिरिक्त निदेशक जनरल पुलिस (एडीजीपी) एजीटीएफ प्रमोद बान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी - महकप्रीत और युवराज - तरनतारन में सरपंच के घर पर हुई गोलीबारी में भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि 26 और 27 मार्च, 2025 की दरमियानी रात को दो बाइक सवार नौजवानों ने गांव नौशहरा पन्नूआं के सरपंच के घर बाहर गोलीबारी की थी। एडीजीपी ने कहा कि एआईजी संदीप गोयल की निगरानी में एजीटीएफ की टीमों और एसएसपी अभिमन्यू राणा की देखरेख में तरन तारन पुलिस की टीमों ने सरपंच के घर के बाहर हुई गोलीबारी मामले में शामिल आरोपियों की पैरवी कर रहीं थीं तब पुलिस को नौशहरा पन्नू के क्षेत्र में घूम रहे दोनों आरोपियों की गुप्त सूचना मिली। ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए एआईजी संदीप गोयल ने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए एजीटीएफ और तरनतारन पुलिस टीमों ने दोनों आरोपियों का पीछा किया। एआईजी ने कहा, ह्यजब पुलिस टीमों ने दोनों आरोपियों को रोकने की कोशिश की, तब उन्होंने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की, जिसके कारण पुलिस टीमों ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। एसएसपी अभिमन्यू राणा ने कहा कि गोलीबारी के दौरान दोनों आरोपियों को गोलियां लगी और उन्हें स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है।

## पंजाब में युवकों की गुंडागर्दी : व्यक्ति को अगवा किया, पिल्लर से बांधकर तब तक पीटा जब तक बेहोश न हुआ

**लुधियाना :** पंजाब के लुधियाना के जगरांव में युवकों की गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है। दो युवकों ने एक व्यक्ति को रस्सी से बांधकर बुरी तरह पीटा है। आरोपियों ने व्यक्ति को इस कदर पीटा कि वह लहूलुहान होकर बेसुध हो गया। आरोपियों ने राह चलते व्यक्ति से रुपये मांगे, पैसे नहीं देने पर दो युवकों ने व्यक्ति को अगवा कर लिया। फिर उसे अपने घर ले जाकर पिल्लर से बांध दिया और डंडों से जमकर पीटा। किसी तरह पीड़ित रात के अंधेरे में अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला और थाने पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना गांव मानूके की है। पीड़ित बूटा सिंह ने बताया कि वह सुबह काम पर जा रहा था। रास्ते में




गांव मानूके निवासी सुखजीत सिंह उर्फ सुखा और उसका दोस्त जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव जट्टपुरा बाइक सवार होकर उसे रास्ते में मिले। दोनों उससे पैसे मांग करने लगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो दोनों उसे जबरन बाइक पर बैठाकर सुखजीत के घर ले गए। वहां सुखजीत ने उसे पिल्लर से बांध दिया और गाली गलौज करते हुए डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जसप्रीत ने इस दौरान वीडियो भी बनाया। पीड़ित जब बेसुध हो गया तो उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया। देर रात मौका मिलते ही वह किसी तरह भाग निकला। डर के कारण वह इलाज के लिए अस्पताल भी नहीं गया। थाना हठूर के एएसआई सुल्खन सिंह ने बताया कि आरोपियों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है, कि एक आरोपी डंडों से पीट रहा है जबकि दूसरा वीडियो बना रहा है। इतना ही नहीं एक महिला आरोपियों को मारपीट करने से रोकने भी आती है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों को गिरफ्तार कर मेडिकल करवाया गया। फिर अदालत में पेश कर रिमांड लेकर आगे की पूछताछ की जाएगी। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं। नशा करने के लिए ही आरोपी पैसे मांग रहे थे। सुखजीत सिंह पर नशा तस्करी के दो मामले दर्ज हैं। जसप्रीत सिंह पर एक मामला दर्ज है, दोनों पहले भी जेल जा चुके हैं।

# पंजाब के इन स्कूलों पर सरकार की बाज नजर! हो सकता है बड़ा एक्शन



> *पंजाब के निजी स्कूलों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को अभी भी उनके लिए आरक्षित कोटे के तहत मुफ्त शिक्षा प्रदान नहीं की जा रही है।*

**पंजाब :** पंजाब के निजी स्कूलों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को अभी भी उनके लिए आरक्षित कोटे के तहत मुफ्त शिक्षा प्रदान नहीं की जा रही है, न ही ऐसे बच्चों को स्कूल की किताबों या फीस आदि पर छूट दी जा रही है। हालांकि इस संबंध में जनता दल यूनाइटेड के राज्य नेता सतनाम सिंह गिल द्वारा माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई थी, जिसकी सुनवाई के बाद माननीय उच्च न्यायालय ने ऐसे बच्चों के पक्ष में फैसला सुनाया और पंजाब सरकार को 25 प्रतिशत कोटा लागू करने के आदेश भी जारी किए, जिसके बाद पंजाब सरकार ने भी उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन किया और एक अधिसूचना जारी कर राज्य भर के शिक्षा अधिकारियों को इन आदेशों का सख्ती से पालन करने और निजी स्कूलों को निर्देश देने के आदेश दिए। इसके बावजूद भी निजी स्कूल मालिकों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और हाईकोर्ट व पंजाब सरकार के आदेशों का पालन नहीं किया। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों से कुछ अभिभावकों ने इस बात पर जोर दिया था कि निजी स्कूल मालिक बच्चों की फीस, जबरदस्ती कॉपी-किताब देना, यूनिफॉर्म देना, बिल्डिंग फंड, आयोजनों के लिए धन आदि के नाम पर लाखों रुपए वसूल रहे हैं। पंजाब सरकार आखिर कब इन स्कूलों पर नकेल कसेगी? यह भी पाया गया है कि ऐसे निजी स्कूल बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त कर्मचारियों के साथ औरंगजेब जैसा व्यवहार करते हैं, तथा ये कर्मचारी कम वेतन पर भी स्वयं को किसी की हिरासत में समझते हैं। नाम न बताने की शर्त पर कुछ ऐसे स्कूल शिक्षकों ने बताया कि उन्हें जो मामूली वेतन दिया जाता है, वह भी मनमाने ढंग से और एक-दो महीने बाद दिया जाता है, जिससे उनके लिए गुजारा करना मुश्किल हो जाता है। मैडमों ने कहा कि स्कूल मालिक स्कूलों में काम करने वाले अध्यापकों और अन्य स्टाफ पर अपना पूरा नियंत्रण रखते हैं। याचिकाकर्ता सतनाम सिंह गिल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि प्रत्येक निजी स्कूल में हाजिरी रजिस्टर, फीस की रसीद, स्कूली बच्चों की कॉपी-किताबों का हिसाब-किताब तथा स्टाफ को दिए जाने वाले वेतन की जांच की जाए तथा बच्चों व उनके अभिभावकों तथा स्कूल में कार्यरत स्टाफ के साथ न्याय किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान की अमेरिका के साथ रोम में होगी दूसरे दौर की परमाणु वार्ता, तेहरान ने की पुष्टि

**दुबई, एजेंसी।** ईरान ने बुधवार को पुष्टि की कि इस सप्ताहांत पर अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता रोम में होगी। इससे पहले वार्ता के स्थान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। ईरान ने पहले कहा था कि वार्ता ओमान में होगी। ईरान के सककारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। वार्ता में ओमान मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा। इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अपने उपराष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। जरीफ 2015 में हुए परमाणु समझौते के मुख्य वार्ताकार थे। राष्ट्रपति ने जरीफ की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सरकार अब कुछ वजहों के कारण जतरफी के अनुभव का लाभ नहीं उठा सकती। नए उपराष्ट्रपति के रूप में मोहसिन इस्माइली की नियुक्ति की गई है, जो एक मध्यमार्गी और कानून विशेषज्ञ माने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी भी बुधवार को तेहरान पहुंचे। उनके दौरे का मकसद प्रस्तावित समझौते के तहत निरीक्षकों को कितनी पहुंच मिलेगी, इस पर चर्चा करना है। ईरान ने 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर निकलने के बाद आईएईए के निरक्षकों की पहुंच सीमित कर दी थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह वार्ता में विरोधाभासी रुख अपने से बचे। उन्होंने कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार है और इसे वार्ता का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। ईरान इस मुद्दे पर भरोसे को बनाने के लिए तैयार है, लेकिन यूरेनियम संवर्धन का अधिकार अपरिवर्तित रहेगा। दोनों देशों के बीच आधी सदी शत्रुता के बाद यह वार्ता हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हवाई हमले किए जा सकते हैं। ईरान ने भी अपने संवर्धित यरेनियम के स्तर को हथियार-श्रेणी के करीब बताते हुए परमाणु हथियार बनाने की धमकी दी है।

### गाजा के बच्चे कुपोषण की समस्या से जूझ रहे, इस्राइल की नाकेबंदी से नहीं मिल पा रहा खाना

**गाजा, एजेंसी।** पहले से ही इस्राइल के हमले झेल रही गाजा की जनता अब एक नई समस्या से जूझ रही है। दरअसल गाजा में रह रहे लोगों में कुपोषण की समस्या बढ़ रही है। खासकर बच्चे कुपोषण से पीड़ित हैं और मार्च महीने में ही तीन हजार से ज्यादा बच्चे कुपोषण के चलते अस्पतालों में भर्ती हुए हैं। गौरतलब है कि हमास के साथ युद्धविराम समझौता टूटने के बाद इस्राइल ने गाजा में मानवीय मदद रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने जारी किए आंकड़े मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फरवरी में 2027 बच्चे कुपोषण के चलते अस्पताल में भर्ती हुए थे। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मदद मामलों की एजेंसी (ओसीएचए) ने ये आंकड़े जारी किए हैं। एजेंसी ने बताया कि गाजा में खाने-पीने की चीजों की भारी कमी है। इस्राइल द्वारा मानवीय मदद और अन्य जरूरी सामान पर प्रतिबंध के फैसले को सात हफ्ते बीत चुके हैं। इसके चलते मांस, पोल्ट्री, अंडे, डेयरी, सब्जी और फल आदि की भारी कमी हो गई है। एजेंसी ने बताया कि गाजा में पीने के पानी की भी समस्या गंभीर है और इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। हमास की कैद में बंधक लोगों को छुड़ाने के लिए नियुक्त किए गए ट्रंप प्रशासन के विशेष दूत एडम बोएलर ने कहा है कि बंधकों की रिहाई के बगैर युद्धविराम समझौते पर बात आगे नहीं बढ़ेगी।

### अमेरिका : उड़ान भरते समय विमान में लगी आग, आपात लैंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के डेनवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरते समय एक विमान के इंजन में आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, विमान किसी जानवर से टकरा गया था, जिससे इंजन में आग लगी और पायलट को आपात लैंडिंग करनी पड़ी। घटना रविवार को यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान 2325 में हुई, जो कनाडा जा रही थी। बोइंग 737-800 विमान में 153 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रेडियो पर एक व्यक्ति को कहते सुना गया, यूएस 2325, ऐसा लग रहा है कि आपके दाहिने इंजन से कभी-कभी आग की लपटें निकल रही हैं। इसके जवाब में चालक दल के सदस्य ने कहा, हमें लगता है हमने अपना दाहिना इंजन खो दिया है। संघीय विमानन प्रशासन ने बताया कि वह इस मामले की जांच कर रहा है।

### अमेरिका : जेल में कैदी की मौत को लेकर 10 जेल कर्मियों पर मुकदमा दर्ज

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक जेल में 22 वर्षीय कैदी की मौत को लेकर 10 जेल सुरक्षा कर्मियों (सिक्योरिटी गार्ड) पर मामला दर्ज किया गया है। इनमें से दो सिक्योरिटी गार्ड पर हत्या का आरोप लगाया गया है। यह इस साल दूसरी बार है जब न्यूयॉर्क में किसी कैदी की मौत को लेकर जेल कर्मियों पर हत्या का मुकदमा चला है। घटना मिड-स्टेट जेल की है, जहां जेलकर्मियों ने कथित तौर पर बंदी मेसायाह नैंटवीको बुरी तरह पीटा। कैदी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 1 मार्च को उसकी मौत हो गई।

### म्यांमार में 4900 कैदी रिहा किए गए

**नाएप्यीडॉ, एजेंसी।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने देश के पारंपरिक नववर्ष के अवसर पर 4900 कैदियों को माफी देकर रिहा करने का एलान किया है। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि क्या किसी राजनीतिक कैदी को भी रिहाई मिलेगा या नहीं। रिहा किए जा रहे कैदियों में 13 विदेशी नागरिक भी हैं। रिहाई के बाद इन विदेशी कैदियों को निर्वासित किया जाएगा। हत्या और दुष्कर्म के दोषियों को माफी नहीं दी गई है।

# यूक्रेन ने चीनी सैनिकों को मीडिया के सामने पेश किया:रूस की तरफ से जंग लड़ रहे थे

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन ने रूस की तरफ से जंग लड़ रहे चीनी सैनिकों को मीडिया के सामने पेश किया। पिछले 3 साल चल रही रूस-यूक्रेन जंग में ऐसा पहली बार हुआ। यूक्रेन ने पिछले हफ्ते जंग लड़ रहे 2 चीनी नागरिकों को पकड़ने का दावा किया था। हालांकि चीन ने अपने नागरिकों के जंग में शामिल होने की बात से इनकार कर दिया था। इसके बाद यूक्रेन ने इन युद्धबंदियों को मीडिया के सामने परेड कराने का फैसला किया। इसके लिए यूक्रेन ने युद्धबंदी कानून भी तोड़ा है। युद्धबंदियों की पहचान उजागर करना और उन्हें कैमरों व पत्रकारों के सामने पेश करना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन माना जाता है।

**यूक्रेन ने 155 चीनी सैनिकों की पहचाना का दावा किया :** इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि उनकी खुफिया एजेंसी ने 155 चीनी नागरिकों की पहचान की है जो रूस की तरफ से जंग लड़ रहे हैं। यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पहचान में आए सभी लोगों के नाम और पासपोर्ट की जानकारी उनके पास है। जेलेंस्की के मुताबिक रूस सोशल मीडिया के जरिए चीनी नागरिकों की भर्ती कर रहा है। चीन को भी इस बात की जानकारी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन यह जानने की कोशिश कर रहा है कि भर्ती करने वालों को बीजिंग की तरफ से निर्देश मिल रहे हैं या नहीं। इससे पहले जेलेंस्की ने 8 अप्रैल को जंग में शामिल दो चीनी नागरिकों



का वीडियो शेयर किया, जिन्हें यूक्रेन ने पकड़ा था।

**जेलेंस्की बोले- चीन को जंग में खींच रहा रूस :** जेलेंस्की ने कहा कि रूस, चीन को इस जंग में खींच रहा है। यह पुतिन के प्लान का हिस्सा है। पुतिन चाहते हैं कि यूरोप में जंग फैले। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेनी सेना डोनेट्स्क में 6 चीनी नागरिकों से लड़ाई लड़ रही थी। इस दौरान 2 लोगों को जिंदा पकड़ लिया गया। बाकी के चार चीनी नागरिक मारे गए या भाग गए, अभी साफ नहीं है। जेलेंस्की ने दावा किया कि पकड़े गए चीनी नागरिकों के पास से उनके पहचान पत्र, बैंक कार्ड और व्यक्तिगत डेटा मिला है। उन्होंने ये भी बताया कि चीनी नागरिक अब यूक्रेन की सुरक्षा सेवा की हिरासत में हैं। जेलेंस्की ने पकड़े गए चीनी नागरिकों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। चीन बोला- यूक्रेन के दावे में सच्चाई नहीं जेलेंस्की ने अगले दिन बुधवार को दावा किया था कि वे रूस में बंदी बनाए गए यूक्रेनी सैनिकों के बदले दो युद्धबंदियों को देने को तैयार हैं। जेलेंस्की के दावे को चीन ने खारिज कर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को कहा कि इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है। चीनी सरकार ने हमेशा अपने नागरिकों को जंग वाले इलाके से दूर रहने और किसी भी तरह से ऐसी लड़ाई में शामिल होने से बचने को कहा है। लिन जियान ने कहा कि चीन, यूक्रेन के साथ बातचीत करके इस मामले से जुड़ी पूरी जानकारी हासिल कर रहा है। चीन खुद को युद्ध में तटस्थ बताता है और कहता है कि वह न तो हथियार देता है और न ही सैनिक भेजता है। रूस ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, अमेरिका ने कहा कि यह जानकारी चौंका देने वाली है। यूएस स्टेट डिपार्मेंट की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि चीन, रूस का मददगार देश है जो जंग को बढ़ावा दे रहा है। रूस पहले भी चीन को ड्रोन पार्ट्स और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स देता रहा है, लेकिन सैनिकों की मौजूदगी हैरान करने वाली है। रूस-यूक्रेन जंग में विदेशी सैनिकों की मौजूदगी के दावे पहले भी किए जाते रहे हैं। इससे पहले दक्षिण कोरिया ने दावा किया था कि उत्तर कोरिया के 10 हजार सैनिक रूस की तरफ से यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं। पैसे और रूसी नागरिकता के लिए जंग लड़ रहे इस बीच यूक्रेन के अखबार प्राव्दा ने यूक्रेनी सेना का हवाला देते हुए बताया है कि चीनी नागरिकों को जंग लड़ने के लिए रूस पैसे दे रहा है। जो शख्स पकड़ा गया है उसे चीन में एक रूसी ब्रोकर ने 3,480 डॉलर, यानी 3 लाख रुपए दिए थे। इसके साथ ही उसे रूसी नागरिकता देने का भी वादा किया गया था। पकड़े गए एक शख्स ने यूक्रेनी अधिकारियों को बताया कि उसे कई सारे चीनी नागरिकों के साथ लुगांस्क इलाके में ट्रेनिंग दी गई थी। इनमें से कई लोगों पर चीन में केस चल रहे थे और ये अपना देश छोड़ना चाहते थे। कुछ महीने पहले रुस के रैहडिट नाम के हैकर ग्रुप ने यूक्रेन के लिए लड़ने वाले विदेशी सैनिकों की जानकारी सार्वजनिक की थी। इसके मुताबिक रूस-यूक्रेन जंग की शुरुआत से लेकर अब तक यूरोप के 36 देशों से किराए के सैनिक लड़ने के लिए पहुंचे हैं। इसके अलावा भारत सहित एशिया के 22 देशों के नागरिक यूक्रेन की तरफ से लड़ रहे हैं।

## टैरिफ वार से अमेरिका में बढ़ेगी महंगाई, सेंट्रल बैंक के प्रमुख बोले- आगे की राह मुश्किल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए टैरिफ से वैश्विक व्यापार युद्ध छिड़ गया है और



इसका असर विभिन्न उद्योगों पर पड़ा है। अब अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने चेतावनी दी है कि टैरिफ वार के चलते महंगाई बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन में जो नीतिगत बदलाव किए गए हैं, उनकी वजह से केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की परेशानी बढ़ सकती है। टैरिफ का अमेरिका अर्थव्यवस्था पर हो सकता है स्थायी असर शिकागो में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जेरोम पॉवेल ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने जो टैरिफ बढ़ाए हैं, वे उम्मीद से कहीं ज्यादा हैं और इससे बनी अनिश्चितता की स्थिति अर्थव्यवस्था पर स्थायी असर डाल सकती है। पॉवेल ने कहा कि सरकार ने बहुत ही नीतिगत बदलाव किया है और इस बारे में क्या किया जाए, इसका हमें कोई अनुभव नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका में केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के पास रोजगार बढ़ाने और महंगाई को नियंत्रण में रखने की जिम्मेदारी है। पॉवेल ने चेतावनी दी है कि टैरिफ वार के चलते रोजगार और महंगाई दोनों पर गंभीर असर पड़ सकता है। अमेरिका के शेयर बाजार में देखी गई भारी गिरावट टैरिफ वार के चलते अमेरिका में शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। नैस्डैक में चार प्रतिशत से ज्यादा और एसएंडपी में तीन प्रतिशत से ज्यादा की कमी देखी गई। एनवीडिया जैसी कंपनियों को खासा नुकसान उठाना पड़ा है क्योंकि अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए गए टैरिफ से कंपनी की लागत काफी बढ़ जाएगी। इसी तरह कई अन्य कंपनियां भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि टैरिफ के चलते अल्पकालिक असर जरूर पड़ेगा, लेकिन लंबे समय में अमेरिका को इससे फायदा होगा।

## इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा में ओलावृष्टि से तबाही, 35 मिनट तक गिरे ओले

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुछ हिस्सों में



बुधवार को हुए ओलावृष्टि ने तबाही मचाई। इसमें मकानों, गाड़ियां, सोलर पैनल और पेड़ों को काफी नुकसान पहुंचा। यह तूफान करीब 35 मिनट तक चला। इस दौरान हुई भारी बारिश की वजह से निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। इस्लामाबाद में रहने वाले लोगों ने कहा कि ये बर्फ के गोले टेनिस बॉल जितने आकार के थे। उन्होंने अपनी जिंदगी में इतने बड़े ओले कभी नहीं देखे। ओलावृष्टि के कारण कई कारों के शीशे टूटने के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सीनेटर और पूर्व जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने बारिश के दौरान जो भी देखा वह पागलपन था। ओले 'गोलियों की तरह' गिर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह जलवायु परिवर्तन का असर है। इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय ने कहा कि वे ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा ले रहे हैं। गेहूं और अन्य फसलों को हुए नुकसान के बारे में तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है।

# पाकिस्तान सेना प्रमुख ने दोहराई टू-नेशन थ्योरी, जनरल मुनीर बोले- हमारी सोच और महत्वाकांक्षाएं हिंदुओं से अलग, इसलिए दो अलग देश बने

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा है कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी।

देश की राजधानी इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन जनरल मुनीर ने यह बात कही। सम्मेलन में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत पाकिस्तान के कई बड़े नेता मौजूद थे। जनरल मुनीर ने कहा- पाकिस्तान की कहानी अपने बच्चों को आपको जरूर सुनानी है। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंदुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी कैसे रक्षा करना है। जनरल मुनीर ने कहा- आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। पहले कहा था- भारत हमारे नागरिक मार रहा पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने पिछले साल कहा था कि भारत हमारी जमीन पर आतंक बढ़ा रहा है। वे हमारे मुल्क में घुसकर पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या कर रहे हैं। भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन



उसकी आदत बनती जा रही है। इसके खिलाफ अब कई देश आवाज भी उठा रहे हैं। हम अपने नागरिकों की रक्षा के लिए उनकी इन साजिशों को लगातार नाकाम करते रहेंगे। अगर कोई भी मुल्क पर हमला करेगा या हमारी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करेगा, तो सेना पूरी ताकत से इसका जवाब देगी। बांग्लादेश से तुलना करने पर भड़क गए थे जनरल मुनीर पिछले साल पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई के लिए हुए प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों की तुलना बांग्लादेश में तख्तापलट के दौरान बने हालात से की जा रही थी। इसे लेकर आर्मी चीफ मुनीर भड़क गए थे। उन्होंने कहा था देश में संकट खड़ा करना 'सबसे बड़ा गुनाह' है। सेना ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम कर देगी और देश की हिफाजत करेगी। मुनीर ने कहा कि अगर कोई पाकिस्तान में अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो 'अल्लाह कसम', हम उनसे मुकाबला करेंगे। उन्होंने यकीन दिलाया कि अल्लाह के रहमो करम से पाकिस्तानी सेना अशांति और अव्यवस्था को दूर करने में कामयाब होगी। आसिफ मुनीर 2027 तक आर्मी चीफ के पद पर रहेंगे पाक आर्मी चीफ का कार्यकाल 2025 में खत्म होने वाला था। हालांकि, सरकार ने आर्मी चीफ के कार्यकाल को 3 साल से बढ़ाकर 5 साल कर दिया है। इसके लिए सरकार ने पिछले साल कानून में यह संशोधन किया था। जनरल आसिम मुनीर भी अब 2027 तक पद पर कायम रहेंगे। आर्मी चीफ के अलावा पाकिस्तानी सेना के दूसरे सीनियर कमांडरों का कार्यकाल भी बढ़ाया था। रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने पाकिस्तान आर्मी एक्ट 1952 में संशोधन का प्रस्ताव रखा था। इसे सदन के अध्यक्ष अयाज सादिक ने पारित कर दिया है।

# ब्रिटेन में ट्रांसजेंडर को महिला नहीं माना जायेगा: कोर्ट ने आरक्षण देने से इनकार किया

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में अब ट्रांसजेंडर को महिला नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महिला होने की कानूनी परिभाषा पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जो जन्म से महिला यानी बायोलॉजिकल फीमेल है, उसे ही महिला माना जाएगा। कोर्ट के इस फैसले से ट्रांसजेंडर अधिकारों पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। कोर्ट ने समानता अधिनियम 2010 की व्याख्या करते हुए बताया कि महिला और लिंग शब्द बायोलॉजिकल फीमेल और बायोलॉजिकल जेंडर को बताते हैं। पांच जजों की बैंच ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया। बैंच में शामिल जज पैट्रिक हॉज ने कहा कि यह एक्ट ट्रांसजेंडर लोगों को उनके साथ जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव से सरंक्षण देता है।

**महिला होने पर क्यों छिड़ी बहस:** 2018 में स्कॉटलैंड की सरकार ने एक कानून बनाया, जिसमें सार्वजनिक संस्थाओं में 50प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी जरूरी थी। इस कानून में ट्रांसजेंडर महिलाओं (जिनके पास जेंडर रिकग्निशन सर्टिफिकेट या जीआरसी है)





को भी 'महिला' माना गया। फॉर वूमेन स्कॉटलैंड नाम के समूह ने इसका विरोध किया और कहा कि यह कानून 'महिला' की परिभाषा को गलत तरीके से बदल रहा है। 2022 में स्कॉटिश कोर्ट में यह मामला हारने के बाद, यह सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। 5 जजों ने एकमत से कहा कि इक्विलिटी एक्ट में 'महिला' और 'सेक्स' का मतलब जन्म से महिला और प्राकृतिक सेक्स है। ट्रांसजेंडर महिलाएं, भले ही उनके पास त्नत्रष्ट हो, लेकिन कानूनी रूप से वे 'महिला' की कैटगरी में नहीं आएंगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ट्रांसजेंडर को शामिल किया गया, तो कानून अव्यवहारिक हो जाएगा। ट्रांसजेंडर महिलाओं को अब महिलाओं के लिए बने टॉयलेट, चेंजिंग रूम, अस्पताल वार्ड, जेल, या रेप काउंसलिंग सेंटर जैसी जगहों से बाहर रखा जा सकता है। पहले महिलाओं के टॉयलेट या चेंजिंग रूम का ट्रांसजेडर इस्तेमाल कर सकती थीं। अब उन्हें इसका इस्तेमाल करने के लिए जायज वजह देना होगा।

# दिलचस्प हुआ कनाडा चुनाव, ट्रंप की धमकी के बाद लिबरल पार्टी को मिली संजीवनी

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में आम चुनाव के लिए 28 अप्रैल को वोटिंग होनी है और इसके लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की धमकी और भारी-भरकम टैरिफ लगाने के बाद कनाडा का चुनाव दिलचस्प हो गया है। दरअसल कुछ समय पहले तक सत्ताधारी लिबरल पार्टी विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी से पिछड़ती नजर आ रही थी। इसके चलते जस्टिस ट्रूडो को भी पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था और उनकी जगह मार्क कार्नी को पीएम बनाया गया था।

**विपक्षी पार्टी बदलाव लाने की कर रही अपील :** अब ट्रंप की धमकी के बाद जिस तरह से लिबरल पार्टी ने सख्त रुख अपनाया है, उसके बाद से पार्टी की लोकप्रियता में उछाल देखा गया है। यही वजह है कि लिबरल पार्टी जहां चुनाव में ट्रंप से सामना करने का मुद्दा उठा रही है, वहीं विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी बदलाव की मांग कर रही है। बुधवार को फ्रेंच लैंग्वेज लीडर्स की डिबेट के दौरान मार्क कार्नी और पिएरे पोएलीवरे का आमना सामना हुआ। इस दौरान पीएम मार्क कार्नी ने कहा कि इस चुनाव में सवाल ये है कि कौन राष्ट्रपति ट्रंप का सामना करेगा। वहीं पिएरे पोएलीवरे ने बदलाव पर जोर दिया और कहा कि लोगों को लिबरल पार्टी को चौथा कार्यकाल नहीं देना चाहिए। गौरतलब है कि लिबरल पार्टी के शासन में कनाडा में घरों की कीमतें बढ़ी हैं और अप्रवासियों की



बढ़ती संख्या को लेकर भी कनाडा के लोगों में नाराजगी है। इसके चलते लिबरल पार्टी की लोकप्रियता काफी कम हुई और जस्टिस ट्रूडो को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

**राष्ट्रवाद की लहर पर सवार लिबरल पार्टी को मिल रहा फायदा :** ट्रूडो के इस्तीफा देने के बाद ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की धमकी दी और भारी टैरिफ लगा दिए। बदले माहौल में ट्रूडो ने ट्रंप का मजबूती से सामना किया और अमेरिका के सामने कड़ा स्टैंड लिया। इससे कनाडा में राष्ट्रवाद की लहर महसूस की गई। ट्रूडो के इस्तीफे के बाद लिबरल पार्टी ने मार्क कार्नी को अपना नेता चुना और वे नए पीएम बने। अब कार्नी के नेतृत्व में पार्टी चुनाव मैदान में है। राष्ट्रवाद की लहर पर सवार लिबरल पार्टी की लोकप्रियता में उछाल आया है। यही वजह है कि कनाडा का चुनाव जो कुछ दिनों पहले तक एकतरफा लग रहा था, वह अब दिलचस्प हो गया है।

# ट्रंप ने 70 कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को दी पर्यावरणीय नियमों से छूट, चिंता में स्वास्थ्य विशेषज्ञ

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब 70 कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को जो बाइडन प्रशासन में लागू किए गए पर्यावरणीय नियमों से दो साल की छूट प्रदान की है। इन नियमों के तहत संयंत्रों को पारा, आर्सेनिक जैसे जहरीले प्रदूषकों के उत्सर्जन को सीमित करना था। यह कदम ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेशों का हिस्सा है, जिसका मकसद संकटग्रस्त कोयला उद्योग को पुनर्जीवित करना है। इस फैसले से जिन बिजली संयंत्रों को राहत मिलने की उम्मीद है, उनमें मोंटाना का कॉलस्ट्रिप जनरेटिंग स्टेशन और नॉर्थ डकोटा का कोल क्रीक स्टेशन शामिल हैं। ये दोनों संयंत्र अणेरिका में सबसे ज्यादा जहरीला धुआं छोड़ने वाले संयंत्रों में गिने जाते हैं। टेलन एनर्जी, डॉमिनिकन एनर्जी, एनआरजी एनर्जी, साउदर्न कंपनी और टेनेसी वैली अथॉरिटी जैसी कंपनियों को भी इन नियमों से छूट दी गई है। पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय उर्जा सुरक्षा और ग्रिड विश्वसनीयता को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। हालांकि, पर्यावरणविदों और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस फैसले की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे पारा जैसे जहरीले प्रदूषकों के उत्सर्जन में वृद्धि होगी, जो बच्चों के मस्तिष्क के विकास और सांस लेने के लिए हानिकारक हैं। ईपीए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति की ओर से दी गई ये छूटें कोयला आधारित बिजली उत्पादन को



बढ़ावा देंगी, जिससे देश की बिजली व्यवस्था भरोसेमंद बनी रहेगी, आम लोगों को सस्ती बिजली मिलेगी और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। कोयला संयंत्रों के लिए काम करने वाले एक समूह की अध्यक्ष मिशेल ब्लडवर्थ ने कहा कि ट्रंप यह मानते हैं कि देश के कोयला संयंत्र एक स्वस्थ और सुरक्षित बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए जरूरी हैं, जो हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ब्लडवर्थ ने कहा, पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में जो नियम बनाए गए थे, वे स्वच्छ वायु अधिनियम (क्लीन एयर एक्ट) के अनुरूप नहीं थे और गलत तरीके से किए गए डाटा विश्लेषण पर आधारित थे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले साल लागू किया गया मरकरी (पारे) वाला नियम कई कोयला संयंत्रों को समय से पहले बंद करने की वजह बन सकता था। जबकि ये संयंत्र देश की बिजली व्यवस्था को स्थिर और भरोसेमंद बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। पर्यावरण संगठन सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डाइवर्सिटी की वरिष्ठ वकील माया गोल्डन-क्रैस्नर ने कहा,इन प्रदूषण की छूटों ने हमारे सांस लेने वाली हवा की सुरक्षा को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

उन्होंने आगे कहा, यह कहना कि लोगों को ज्यादा जहरीली गैसें सांस के जरिए अंदर लेना देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है – बहुत ही अपमानजनक बात है। यह साफ दिखाता है कि अमेरिकी नागरिकों और पृथ्वी की सेहत से ज्यादा सरकार प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों के मुनाफे को प्राथमिकता दे रही है। पर्यावरण संगठन और जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यकर्ताओं ने इस योजना की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे सैकड़ों कंपनियां उन कानूनों से बच निकलेंगी जो पर्यावरण और जनता की सेहत की रक्षा के लिए बनाए गए हैं।

# आईपीएल में आज होगा टाइटंस और कैपिटल्स के बीच मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होना तय है। इसका कारण है कि दिल्ली की टीम अब तक एक ही मैच हारी है और उसे छह मैचों के बाद 10 अंक हैं और वह शीर्ष पर है जबकि गुजरात की टीम चार जीत के साथ ही 8 अंक लेकर दूसरे नंबर पर है। दोनो ही टीमों ने अब तक जबरदस्त बल्लेबाजी की है। दिल्ली की टीम की कमान अक्षर पटेल के पास जबकि गुजरात की शुभमन गिल के पास है। गुजरात की टीम को इस मैच में घरेलू मैदान का लाभ मिल सकता है। यहां की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल रहती है, इसलिए इस मैदान पर बड़े स्कोर बनने तय हैं। इस पिच पर अच्छी उछाल मिलने के कारण बल्लेबाज के लिए शॉट खेलना काफी आसान रहता है। हालांकि, जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है पिच धीमी होने लगती है, जिससे गेंदबाजों के पास भी अच्छा अवसर रहता है। ऐसे में कुल मिलाकर देखा जाये तो पिच में बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजों के लिए भी अवसर हैं। इस मैदान पर तेज गेंदबाज स्पिनरों से अधिक प्रभावी होते हैं।

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराया था जिससे वह इस मैच में बड़े हुए मनोबल से उतरेगी। वहीं, गुजरात को पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसके ऊपर दबाव रहेगा जिससे वह उबरना चाहेगी। ऐसे में इस मैच में दिल्ली का पलड़ा भारी नजर आता है। दिल्ली की बल्लेबाजी करुण नायर, केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, कप्तान अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और मोहित शर्मा के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव, अक्षर पर आधारित रहेगी।



वहीं दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रहेगी। सुदर्शन ने इस आईपीएल सत्र में 300 से अधिक रन बनाये हैं। वहीं उसकी गेंदबाजी मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा स्पिनर साई किशोर पर आधारित रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**गुजरात टाइटंस :**
शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, अरशद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इम्पैक्ट प्लेयर- शेरफेन रदरफोर्ड।

**दिल्ली कैपिटल्स :**
अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपरज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, इम्पैक्ट प्लेयर- मुकेश कुमार।

# आईपीएल में इस बार मुम्बई इंडियंस और सीएसके सहित इन चार टीमों का बाहर होना तय



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अलावा राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद का भी बाहर होना तय नजर आ रहा है। ये सभी टीमें अंत तालिका में निचले क्रम पर हैं। मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स चारों टीमों के पास चार अंक है। इन टीमों की स्थिति काफी कमजोर बनी हुई है। अब अगर ये एक दो मैच हारती हैं तो बाहर हो जाएंगी। प्लेऑफ के लिए कम से कम 16 अंक होने चाहिये और अभी के प्रदर्शन को देखते हुए इन टीमों का वहां पहुंचना असंभव सा है।

अभी तक दिल्ली कैपिटल्स के अलावा सभी टीमों ने छह या इससे अधिक खेले हैं। आईपीएल में अभी गुजरात टाइटन्स, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, पंजाब किंग्स शीर्ष चार में हैं और इनके प्लेऑफ में जाने की संभावनएं सबसे ज्यादा हैं। इन सभी सभी टीमों के आठ अंक है। आईपीएल 2025 के इस सत्र में कुल 74 मैच होने है। प्लेऑफ के लिए हर टीम को लीग चरण में 14 मैच खेलने है। अंक तालिक में शीर्ष चार टीमों को प्लेऑफ में जगह मिलेगी।

## आईपीएल 2025 के बीच देश छोड़कर जा रहे हैदराबाद के कप्तान!, कमिंस की पत्नी ने शेयर की तस्वीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस यहां टीम को जीत दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं कमिंस की एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसमें वह अपनी पत्नी के साथ सामान सहित एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद यह कयास तेज हो गए हैं कि कमिंस IPL सीजन और हैदराबाद टीम दोनों को बीच में छोड़कर वापस जा रहे हैं।

कमिंस की पत्नी बेकी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की जिसमें लिखा था, 'अलविदा भारत, हमें इस खूबसूरत देश में आकर बहुत अच्छा लगा।' इसी के साथ ही उन्होंने भारत का झंडा और दिल वाली इमोजी भी लगाई। इस तस्वीर में कमिंस भी अपनी पत्नी के साथ नजर आ रहे हैं जिससे यह कयास तेज हो गए हैं कि शायद वह भी अपनी पत्नी के साथ स्वदेश लौट रहे हैं। हालांकि अभी तक इस बारे में कमिंस या फ्रेंचाइजी की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है कि वह स्वदेश लौट रहे हैं या कुछ और बात है।

अभिषेक शर्मा के शतक की बदौलत आईपीएल 2024 के उपविजेता ने पंजाब किंग्स के खिलाफ ठोस वापसी की और 246 के बड़े लक्ष्य का पीछा किया। वे अपना फॉर्म जारी रखने में विफल रहे और वानखेड़े स्टेडियम में MI के खिलाफ 163 के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके।

SRH ने अपने सीजन की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स पर जीत के साथ की, लेकिन उसके बाद से संघर्ष कर रही है। उन्हें क्रमशः लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ लगातार चार हार के बाद पंजाब किंग्स के खिलाफ वापसी ली लेकिन लय को जारी नहीं रख पाए। टीम ने अभी तक 7 में से 2 मैच जीते हैं और अंक तालिका में 9वें स्थान पर है।

जहां तक कमिंस के प्रदर्शन की बात है तो IPL 2025 में उन्होंने 7 मैचों में 252 रन देते हुए 7 विकेट लिए हैं। कमिंस ने 10.22 की इकोनॉमी के दर से विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ 3/26 रहा है।

# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला



**जयपुर (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में रॉयल्स का लक्ष्य जीत हासिल करना रहेगा क्योंकि पिछले तीन मैचों से मिल रही हार से वह अंक तातिका में काफी नीचे खिसक गयी है। रॉयल्य के लिए हालांकि जीत दर्ज करना इतना आसान नहीं होगा। इसका कारण उसकी टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है उसके कप्तान संजू सैमसन पिछले मैच में चोटिल भी हो गये थे, ऐसे में उनके खेलने पर भी संशय रहेगा। टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को इस मैच में जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उसके गेंदबाजों को सुपर जाइंट्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज निकोलस पूरन पर अंकुश ओर कप्तान ऋषभ पंत पर अंकुश लगाना होगा। अभी तक रॉयल्स की टीम को सात मैचों में केवल दो मैचों में ही जीत के मिली है और वह आठवें स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर अंकतालिका में पांचवे स्थान पर चल रही सुपर जाइंट्स का लक्ष्य इस मैच को जीतकर एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष चार में पहुंचना रहेगा।

रॉयल्स की कमजोरी बल्लेबाजी का कमजोर होना है जिसका लाभ सुपर जाइंट्स उठाना चाहेगी। अभी तक राजस्थान का बल्लेबाजी क्रम दबाव में बिखरता दिखा है। उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं पर देखना होगा कि क्या वे इस लय को बनाये रख पाते हैं। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 66 रन बनाने के बाद से ही सैमसन के बल्ले से रन नहीं आये हैं। टीम के अच्छे स्कोर के लिए सैमसन और यशस्वी का रन बनाना बेहद जरुरी है।

रॉयल्स के बल्लेबाजों को सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, दिग्वेश राठी और स्पिनर रवि बिश्नोई के सामने सावधानी से खेलना होगा। रॉयल्स की परेशानी रियान पराग और ध्रुव जुरेल का फार्म में नहीं होना है हालांकि नीतिश राणा ने पिछले मैच में 51 रन बनाए और टीम उनसे इस मैच में भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर औरा संदीप शर्मा को बेहतर प्रदर्शन कर सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा। लखनऊ की ताकत पूरन के आलावा मिचेल मार्श जैसे बेहतरीन बल्लेबाजों का होना है। इसके अलावा उसके पास एडेन मार्क्रम और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ। प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारूकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेन मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

## आईपीएल : हेड सबसे अधिक स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

मुम्बई। सनराइजर्स हैदराबाद को मुंबई इंडियंस के खिलाफ यहां हुए मैच में हार का सामना करना पड़ा है पर इस मैच में सनराइजर्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने एक नया रिकार्ड बनाया है। हेड ने इस मैच में केवल 29 रन बनाये पर इसके साथ ही हेड आईपीएल में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने 170 से अधिक के स्ट्राइक रेट और 30 से अधिक के औसत से कुल 1000 रन बनाये हैं। इससे पहले जिन भी खिलाड़ियों ने 1000 रन बनाये हैं उनका स्ट्राइक रेट कम रहा है। हेड ने आईपीएल में 172 के स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाए है। हेड ने कुल 32 मैचों में 36.21 के औसत से 1014 रन बनाए हैं। इससे पहले 102 से अधिक खिलाड़ियों ने आईपीएल में 1000 रन बनाये हैं। इसमें वेस्टइंडीज के रसल ने 170 के अधिक के स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाये पर उनका औसत भी 27 रहा है। इसके अलावा वेस्टइंडीज के ही निकोलस पूरन और दक्षिण अफ्रीका के हेनिरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ियों ने भी 1000 रन बनाये हैं पर उनका औसत भी हेड से कम ही रहा है हालांकि हेड का फॉर्म इस साल आईपीएल में अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 6 मैच में अब तक कुल 248 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 34 के औसल और 168 के स्ट्राइके रेट से रन बनाये हैं।



## बल्लेबाजों के निडर होकर खेलने से बड़े स्कोर बन रहे : पार्थिव



मुम्बई। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रहे पार्थिव पटेल ने कहा है कि बल्लेबालों के बेखौफ होकर खेलने से आईपीएल में स्कोपावरप्ले के दौरान काफी रन बन रहे हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज कहा कि पहले के समय में पावरप्ले में स्कोर 45 रन से अधिक नहीं होता था। इस सत्र में पार्थिव गुजरात टाइटंस के सहायक कोच की भूमिका भी निभा रहे हैं। पटेल ने कहा,'' इसमें कोई संदेह नहीं कि आजकल बड़े स्तर पर रणनीति बनाई जाती है। कुछ साल पहले जब मैं खेल रहा था तब पावरप्ले का स्कोर 45 के आसपास अच्छा माना जाता था।'' उन्होंने कहा,'' उसके बाद 50 और फिर 55 से 60 तक हो गया। इसके बावजूद हालात को भी देखना पड़ता है। अगर आप चेन्नई में खेल रहे हैं तो 150 अच्छा स्कोर है और वहां टीम से पावरप्ले में 70 या 80 रन की उम्मीद नहीं की जाती।'' उन्होंने कहा,'' परअगर सभी मैचों को देखें तो 70 रन बन रहे है। आप किन्हीं भी हालात में खेल पर बेंचमार्क 45 से ऊपर जाना तय हो गयहै।'' पटेल ने कहा,'' अब बल्लेबाज जोखिम लेने में डरते नहीं हैं। वे बेखौफ होकर खेलते हैं। उनकी सहायता के लिये विशेषज्ञ भी उपस्थित हैं। हर कोई बल्लेबाज बड़े शॉट लगाने के इरादे से ही मैच में उतरता है।

## महिला खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है महिला प्रीमियर लीग : स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए काफी काम किया है और पुरुषों की इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर शुरू हुई महिला प्रीमियर लीग निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है। मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने WPL खिताब अपनी झोली में डाला था जो आरसीबी की कैबिनेट में एकमात्र ट्रॉफी है।

महाराष्ट्र के सांगली जिले की इस स्टार क्रिकेटर का कहना है कि अभी तो डब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं लेकिन इसका असर घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा, 'अंडर-19 टीम की खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिए लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है, सब भारतीय महिला टीम को जानते हैं। बीसीसीआई ने पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए बहुत काम किया है।'

मंधाना ने दुबई में 'सिटी क्रिकेट अकादमी' के लांच के मौके पर चुनिंदा मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा, 'पिछले तीन वर्षों में WPL किस तरह से आगे बढ़ा है, इसे देखने के लिए कितनी सारी लड़कियां आ रही हैं, आप स्पष्ट बदलाव देख सकते हैं। छोटी छोटी लड़कियां भी हमारे पास आ रही हैं और वे क्रिकेटर बनना चाहती हैं जो बहुत अच्छी चीज है। काफी माता-पिता अपनी बच्चियों को अकादमी में भेज रहे हैं ताकि वे डब्ल्यूपीएल में खेल सकें।' उन्होंने कहा, 'महिला क्रिकेट अब लोकप्रिय हो रहा है। टी20 क्रिकेट जिस तरह से आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए डब्ल्यूपीएल भी दर्शकों का काफी मनोरंजन कर रहा है। WPL उसी तरह काम कर रहा है जैसा आईपीएल ने पुरुष क्रिकेट के लिए किया था। घरेलू क्रिकेट पर भी इसका असर दिख रहा है, लड़कियां डब्ल्यूपीएल खेलकर भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना चाहती हैं।'

मंधाना काफी समय से खुद की अकादमी बनाने पर विचार कर रही थीं लेकिन अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा नहीं कर पा रही थीं। फिर इस बारे में असम के पूर्व क्रिकेटर और ब्रिटेन में बसे मशहूर कोच डॉन भगवती से भी उनकी बातचीत हुई जिन्होंने लीस्टर में बहुत साल पहले अपनी अकादमी शुरू की थी। अब दुबई के बाद भगवती की योजना भारत में भी इसी तरह की अकादमी शुरू करने की है। अकादमी में युवा प्रतिभाओं को तराशने में डॉन की पत्नी का अनुभव भी काम आता है जो इंग्लैंड की क्रिकेटर रह चुकी हैं।

मंधाना ने इस अकादमी में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में कहा, 'हम अकादमी में महिला क्रिकेट के विकास पर ध्यान लगाना चाहते थे कि सिर्फ उनके कौशल ही समग्र विकास पर ध्यान दिया जाए। कुछ अकादमियां केवल कौशल पर ध्यान लगाती हैं लेकिन हम चाहते हैं कि वे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत हों। इसमें खेल विज्ञान सहित पोषण का भी ध्यान रखा जाए इसलिए पोषण विशेषज्ञ भी होंगे।' समय मिलने पर मंधाना भी अकादमी में बच्चों को क्रिकेट की बारीकियां बताएंगी। लेकिन भारत में सितंबर में होने वाले महिला विश्व कप की तैयारियों के लिए उनका कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। उन्होंने कहा, 'इस साल भारत में ही महिला विश्व कप होगा तो समय नहीं मिलेगा। लेकिन दो तीन दिन का भी समय मिले तो अकादमी में बच्चों को समय दूंगी और उनसे क्रिकेट का ज्ञान साझा करूंगी।' मंधाना 27 अप्रैल से शुरू होने वाली भारत की आगामी वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलेंगी।



## बाबर को फॉर्म में वापसी कराने में मदद कर सकते हैं सीनियर खिलाड़ी : जहीर अब्बास



कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जहीर अब्बास ने कहा कि पूर्व खिलाड़ी खराब दौर से गुजर रहे बाबर आजम की बल्लेबाजी में तकनीकी खामियों को दूर करके फॉर्म में वापस लाने में मदद कर सकते हैं। अब्बास ने कहा कि या तो बाबर अहंकारी है या पूर्व खिलाड़ियों से सलाह लेने में बहुत शर्मीले हैं लेकिन उन्हें सीनियर खिलाड़ियों से बैठकर बात करने की जरूरत है। अपने करियर में 100 प्रथम श्रेणी शतक लगाने वाले अब्बास ने कहा, 'मुझे लगता है कि या तो बाबर को अहंकार की समस्या है या वह अपनी मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए अपने सीनियर खिलाड़ियों से सलाह लेने में बहुत शर्मीला है।' उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जब पाकिस्तानी और भारतीय खिलाड़ियों ने खराब दौर से गुजरने के दौरान एक-दूसरे से सलाह मांगी है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि 2016 में यूनिस खान ने मोहम्मद अजहरुद्दीन से बात की और इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाया। मुझे याद है कि 1989-90 में भारत के पाकिस्तान दौरे पर अजहरुद्दीन ने मुझसे मार्गदर्शन मांगा था। वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था और मैंने उसे बल्लेबाजी की ग्रिप बदलने के लिए कहा। सईद अनवर ने सुनील गावस्कर से सलाह मांगी।' पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाज बाबर पिछले कुछ महीनों से सभी प्रारूपों में खराब दौर से गुजर रहे हैं और उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय शतक 2023 में एशिया कप में नेपाल के खिलाफ आया था। यहां तक कि मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग में भी बाबर पेशावर जाल्मी की अगुवाई करते हुए दो बार सस्ते में आउट हो गए।

## विश्वकप में खेलने पर फैसला मेसी को ही लेने दे : स्कोलोनी



मुम्बई। कनाडा, यूनाइटेड स्टेट और मैक्सिको में होने वाले 2026 फीफा विश्वकप में अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। मेसी की कप्तानी में ही पिछले विश्वप में अर्जेंटीना ने खिताब जीता था पर अब वह 27 साल के हो गये हैं। ऐसे में वह अगले साल विश्वकप में खेल पायेंगे ये पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। 2022 विश्वकप में अर्जेंटीना की जीत में मेसी की अहम भूमिका थी। उन्होंने तब 7 गोल किए थे। इस खिलाड़ी ने अब तक पांच फीफा विश्वकप खेले हैं। अगले साल तक वह 28 के हो जाएंगे। ऐसे में उनकी फिटनेस कैसी रहती है ये भी देखना होगा। अर्जेंटीना ने विश्वकप के लिए पहले ही प्रवेश हासिल कर लिया है। वहीं कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा कि हम देखेंगे कि आगे क्या होता है, अभी बहुत समय है। अभी हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए समय आने पर वह खेलने ये नहीं खेलने पर अपनी ओर से फैसला करेगा। अर्जेंटीना की टीम आजकल अच्छी लय में है। उसने मैसी के बिना ही क्वालीफाइंग में सबसे अधिक बार चैम्पियन रही ब्राजीत को भी 1-4 से हराया था। इसके अलावा उसने उरुग्वे को भी 1-0 से हराया था। इस मैच में भी मेसी शामिल नहीं थे।

## फ्रेंच ओपन में सम्मानित होंगे 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल



पेरिस। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन के शुरूआती दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल से संन्यास ले लिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने बृहस्पतिवार को कहा कि राफा ने कई मायनों में फ्रेंच ओपन के इतिहास पर अपनी छाप छोड़ी है इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम के गलियारे में पहले से ही नडाल की एक प्रतिमा बनी हुई है। वह टूर्नामेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम दफा 2024 में खेले थे लेकिन इसमें पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। राफेल नडाल, टेनिस इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक, ने अपनी शानदार उपलब्धियों से खेल जगत में अमिट छाप छोड़ी है।

# 'उसका जाने का टाइम आ गया' : वीरेंद्र सहवाग का रोहित शर्मा को कड़ा संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा ने पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद टी20आई से संन्यास ले लिया था और अब वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सीजन में नजर आ रहे हैं जहां उनका फॉर्म चर्चा का विषय बना हुआ है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने उनके खराब फॉर्म की आलोचना करते हुए कहा कि शायद अब समय आ गया है कि वह इस फॉर्मेट से दूर जाने पर विचार करें।

रोहित शर्मा ने इस आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए 6 पारियों में 13.66 की निराशाजनक औसत से सिर्फ 82 रन बनाए हैं जिसमें 0, 8, 13, 17, 18 और 28 रन शामिल हैं। गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रोहित इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारे और 26 रन ही बनाए।

सहवाग ने कहा, 'अगर आप रोहित के पिछले 10 सालों के आईपीएल नंबरों को देखें, तो उन्होंने सिर्फ एक बार 400 से ज़्यादा रन बनाए हैं। इसलिए वह ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो सोचते हैं कि उन्हें 500 या 700 रन बनाने की जरूरत है। अगर वह सोचते हैं, तो शायद वह ऐसा कर सकते हैं। जब वह भारतीय कप्तान बने, तो उन्होंने कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी बनना चाहते हैं जो पावरप्ले का फायदा उठाना चाहता है और मौकों का फायदा उठाना चाहता है, इसलिए वह अकेले ही सभी बलिदान करना चाहते हैं, लेकिन वह इस तथ्य पर विचार नहीं कर रहे हैं कि दिन के अंत में जब वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह आपकी विरासत है जो चोटिल हो रही है।'

उन्होंने कहा, 'अब उसका जाने का समय आ गया है और रिटायर होने से पहले आप प्रशंसकों को आपको याद रखने के लिए कुछ देना चाहेंगे, न कि ऐसे पल जो उन्हें यह सोचने पर मजबूर करें कि वे आपको क्यों नहीं छोड़ रहे हैं।' सहवाग ने कहा, '10 गेंदें अतिरिक्त लें, लेकिन कम से कम खेलें और खुद को मौका दें। वह कई बार बैक ऑफ द लेंथ गेंदों पर पुल शॉट खेलने के चक्कर में आउट हो चुके हैं। इसलिए उन्हें तय कर लेना चाहिए कि एक पारी में वह पुल शॉट बिल्कुल नहीं खेलेंगे। लेकिन उन्हें यह कौन समझाएगा? कोई तो होना चाहिए जो उन्हें सामान्य क्रिकेट खेलने के लिए कहे। जब मैं वहां था, तो सचिन, द्रविड़ या गांगुली मुझे सामान्य क्रिकेट खेलने के लिए कहते थे।'





## बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे पृथ्वीराज सुकुमारन और करीना कपूर

बॉलीवुड में एक नई जोड़ी दर्शकों के सामने आने को तैयार है। करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगे। 'राजी' और 'तालवर' जैसी यादगार फिल्में देने वाली मेघना अब जंगली पिक्चर्स के साथ तीसरी बार फिल्म बनाने जा रही हैं। 'दायरा' एक क्राइम ड्रामा है। फिल्म के एलान के बाद फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है। करीना कपूर ने किया नई फिल्म का एलान करीना ने इस फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर बड़े उत्साह के साथ की। उन्होंने लिखा, मैं हमेशा निर्देशक के निर्देश पर काम करने वाली अभिनेत्री रही हूं। इस बार मेघना गुलजार जैसे शानदार निर्देशक के साथ काम करना मेरे लिए खास है। पृथ्वीराज के अभिनय की मैं कायल हूं। उनके साथ यह सफर और रोमांचक होगा। 'दायरा' मेरी ड्रीम टीम का प्रोजेक्ट है। 'दायरा' की कहानी मेघना गुलजार, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। फिल्म अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन इसकी स्टारकास्ट और मेघना का नाम पहले ही इसे चर्चा में ला चुका है। करीना का बेबाक अंदाज और पृथ्वीराज की गंभीर अदाकारी इस फिल्म को खास बनाने का दम रखती है। मेघना की फिल्में हमेशा दिल को छूती हैं और फैंस को 'दायरा' से भी ऐसी ही उम्मीद है।

### सिंघम अगेन में दिखी थीं करीना

करीना कपूर को पर्दे पर आखिरी बार सिंघम रिटर्न्स में देखा गया था। फिल्म में उनके साथ अजय देवगन समेत कई बड़े सितारे नजर आए थे। हालांकि, रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी।





## 'द फैमिली मैन' के नए सीजन को लेकर प्रियामणि ने दिया अपडेट

चाहें एक इंटेलिजेंस ऑफिसर की पत्नी का किरदार हो, चाहें पीएमओ की ज्वॉइंट सेक्रेटरी का। अभिनेत्री प्रियामणि हर किरदार में पूरी तरह से उतर जाती हैं और उसे अच्छे से निभाती हैं। प्रियामणि को 'आर्टिकल 370' में पीएमओ की ज्वॉइंट सेक्रेटरी के रूप में राजेश्वरी स्वामिनाथन के किरदार के लिए काफी प्रशंसा भी मिली। साथ ही आईफा 2025 में भी प्रियामणि को 'आर्टिकल 370' में अपने दमदार किरदार के लिए सहायक अभिनेत्री की कैटेगरी में नॉमिनेशन भी मिला। इस मौके पर प्रियामणि ने अमर उजाला से खास बातचीत में 'आर्टिकल 370' के अपने किरदार और 'द फैमिली मैन सीजन 3' के बारे में बात की।

बातचीत में प्रियामणि ने आईफा में नॉमिनेशन मिलने और 'आर्टिकल 370' के अपने राजेश्वरी स्वामिनाथन के किरदार को मिली प्रशंसा के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म के लिए आईफा में नॉमिनेशन मिलना काफी उत्साहित करने वाला है। इंडस्ट्री से लेकर आम जनता तक हर किसी ने किरदार को पसंद किया और उसकी तारीफ की। इंडस्ट्री में भी लोगों से प्रशंसा मिली। जिस तरह से मैंने किरदार को निभाया, उसे लोगों ने काफी पसंद किया। इंडस्ट्री से इतर कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि मैं वाकई में पीएमओ में काम करने वाली लग रही थी। मैंने इस तरह से किरदार को निभाया।'

### इस बार और भी बेहतर होगा द फैमिली मैन का अगला सीजन

इस दौरान प्रियामणि ने 'द फैमिली मैन' के अगले सीजन के बारे में भी बात की, साथ ही ये भी बताया कि सीजन 3 कब तक आएगा। अभिनेत्री ने कहा, 'द फैमिली मैन का अगला सीजन बहुत ही जल्द आएगा। बस थोड़ा सा इंतजार और करिए।' हालांकि, उन्होंने इसको लेकर ज्यादा कुछ भी बोलने या जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने बस ये ही कहा कि सीरीज का यह सीजन पिछले दो सीजन से भी ज्यादा बेहतरीन और कमाल होने वाला है।

### सुचित्रा तिवारी के किरदार में नजर आई हैं प्रियामणि

मनोज बाजपेयी की सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' में प्रियामणि ने उनके किरदार श्रीकांत तिवारी की पत्नी सुचित्रा तिवारी का किरदार निभाया था। सीरीज के पिछले दोनों सीजन में प्रियामणि के काम को काफी पसंद किया गया है। अब फैंस 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



## गोविंदा ही नहीं बिग बी के साथ भी काम कर चुकी हैं एक्ट्रेस, इन हिंदी फिल्मों में किया काम

राम्या कृष्णन साउथ का जाना माना नाम हैं, लेकिन ये जानकार आपको हैरान होगी कि अभिनेत्री ने कई शानदार हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। बाहुबली के दोनों भाग में शिवगामी देवी के रोल से उन्होंने चारों तरफ खूब वाहवाही प्राप्त की थी। अब राम्या सनी देओल अभिनीत फिल्म जाट में नजर आ रही हैं। जानिए अभिनेत्री की हिंदी फिल्मों के बारे में।

### क्रिमिनल

नागार्जुन अक्किनेनी, मनीषा कोइराला और राम्या कृष्णन अभिनीत फिल्म क्रीमिनल का निर्देशन महेश भट्ट के द्वारा किया गया था। इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। तुम मिले दिख खिले जैसे गानों ने फिल्म को हिट करा दिया था।

### बनारसी बाबू

डेविड धवन के निर्देशन में बनी फिल्म बनारसी बाबू में राम्या कृष्णन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में अभिनेत्री के साथ अपोजिट रोल में गोविंदा थे। साल 1997 में रिलीज हुई यह कॉमेडी फिल्म हिट रही थी।

### बड़े मियां छोटे मियां

साल 1998 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन डेविड धवन द्वारा किया गया था। फिल्म में कई दिग्गज कलाकार मौजूद थे। इसमें अमिताभ बच्चन के अपोजिट राम्या कृष्णन ने शानदार भूमिका निभाई थी। इन दोनों के अलावा फिल्म में गोविंदा और रवीना टंडन ने भी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म ने सिनेमाघरों मे औसत प्रदर्शन किया था।

### चाहत

महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म चाहत साल 1996 में रिलीज हुई थी। शाहरुख खान अभिनीत फिल्म में पूजा भट्ट के अलावा राम्या कृष्णन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। यह एक रोमांटिक- थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म में इन कलाकारों के अलावा अनुपम खेर और नसीरुद्दीन शाह ने भी शानदार अभिनय किया था। हालांकि, आपको बताते चलें कि राम्या कृष्णन की ये फिल्म फ्लॉप रही थी।

## सामंथा ने इसलिए ठुकरा दी करोड़ों की डील हिंदी सिनेमा में वापसी के लिए जबर्दस्त तैयारी

**साउथ सिनेमा की सुपरस्टार रहीं सामंथा रुथ प्रभु की साल 2012 में आई पहली हिंदी फिल्म 'एक दीवाना था' के 13 साल बाद उनके एक बड़े बजट की हिंदी फिल्म में लीड हीरोइन के तौर पर बड़े परदे पर उतरने के आसार बनते दिख रहे हैं। इस फिल्म को करने से पहले सामंथा ने अपनी पर्सनल ब्रांडिंग के लिए खास रिसर्च कराई है और माना जा रहा है कि उनकी पर्सनल ब्रांडिंग हिंदी सिनेमा में एक 'केयरिंग' सुपरस्टार के तौर पर आने वाले दिनो में और मजबूत होने वाली है।**

पहले 'फैमिली मैन 2' और फिर 'सिटाडेल- हनी बनी' में हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खूब पसंद गईं सामंथा की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं होने वाली है। लेकिन, अगले साल के लिए सामंथा ने एक तो अपनी ही प्रोडक्शन कंपनी की शूटिंग शुरू कर दी है, दूसरी फिल्म उनकी हिंदी सिनेमा के एक ऐसे प्रोडक्शन हाउस की फिल्म बताई जा रही है, जो अरसे से साउथ सिनेमा के सितारों को हिंदी सिनेमा में लॉन्च करने की कोशिश में रहा है। जानकारी के मुताबिक सामंथा को हिंदी सिनेमा में बतौर लीड हीरोइन लांच करने जा रही इस कंपनी ने साउथ के एक बड़े सितारे को लेकर एक द्विभाषी फिल्म कुछ साल पहले बनाई भी, हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही। सामंथा के करीबी बताते हैं कि हिंदी पट्टी में बड़े परदे पर उतरने की तैयारी वह बीते तीन-चार साल से करती आ रही हैं और इसी के चलते उन्होंने ऐसे किसी भी ब्रांड का विज्ञापन करने से मना किया जिसके चलते लोगों की सेहत पर खराब असर पड़े। सॉफ्ट ड्रिंक्स से लेकर सौंदर्य क्रीम तक के दर्जनों प्रस्ताव इस दौरान सामंथा को मिलते रहे हैं, लेकिन वह कहती हैं, मैंने अपनी युवावस्था में जो गलतियां कीं, मैं नहीं चाहती कि आज की युवतियां उन्हें दोहराएं। अब जब भी कोई सौंदर्य उत्पाद या सेहत से जुड़ा उत्पाद मेरे पास एंडोर्समेंट के लिए आता है तो सबसे पहले मैं अपने तीन डॉक्टरों के एक पैनल से सलाह लेती हूं। उसके बाद भी किसी ब्रांड के साथ अपना नाम जोड़ने का फैसला लेती हूं। अगर मैं गिनने बैठूं तो सिर्फ बीते एक साल में मैंने 15 बड़े ब्रांड को मना किया। जाहिर है इससे मुझे करोड़ों रुपये का नुकसान भी हुआ, लेकिन मेरा मानना है एक लोकप्रिय सितारे को पैसे से ज्यादा अपने प्रशंसकों की सेहत को अहमियत देनी चाहिए। ज्यादा दिन नहीं हुए सब अभिनेता आर माधवन ने भी इसी तरह करोड़ों रुपये की एक डील एक पान मसाला कंपनी का प्रस्ताव ठुकराकर रद्द कर दी थी। माधवन का बेटा वेदांत अंतर्राष्ट्रीय तैराकी चैंपियन है और अपने बेटे के खेल प्रेम को देखते हुए ही माधवन ने ऐसे किसी भी ब्रांड का प्रमोशन न करने का फैसला किया है जो लोगों की सेहत पर विपरीत असर डाल सकता हो। सामंथा की कोशिश भी अपना पर्सनल ब्रांड माधवन की तरह का ही विकसित करने की है।





## रणबीर कपूर की रामायण में ये अहम किरदार निभाने वाले थे जयदीप

रणबीर कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'रामायण' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म की कास्ट से लेकर शूटिंग तक को लेकर लगातार समय-समय पर जानकारियां सामने आ रही हैं। अब फिल्म से जुड़ी एक और जानकारी सामने आ रही है। जिसमें ऐसा बताया जा रहा है कि 'रामायण' में विभीषण के किरदार के लिए अभिनेता जयदीप अहलावत से भी बात की गई थी और अभिनेता इस किरदार के लिए काफी उत्सुक भी थे, लेकिन फिर बात नहीं बन पाई

### जयदीप अहलावत थे उत्सुक, लेकिन...

रिपोर्ट्स की मानें तो विभीषण के किरदार के लिए जयदीप अहलावत मेकर्स की पहली पसंद थे। मेकर्स ने जयदीप अहलावत से इस किरदार के लिए बातचीत भी की। अभिनेता खुद भी इस माइथोलॉजी फिल्म को करने के लिए काफी उत्सुक थे। हालांकि, डेट्स ने जयदीप अहलावत की इच्छाओं पर पानी फेर दिया। अपने शेड्यूल और डेट्स की कमी के चलते जयदीप अहलावत को इस किरदार को मना करना पड़ा। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि निर्माता उन्हें मुख्य भूमिका के लिए लाने के लिए उत्सुक थे, लेकिन तारीखें बस मेल नहीं खा रही थीं।

### विजय सेतुपति का नाम भी था चर्चाओं में

हालांकि, विभीषण के रोल के लिए सिर्फ जयदीप अहलावत ही रेस में नहीं थे। पिछले साल ऐसी चर्चाएं भी काफी थीं कि तमिल सुपरस्टार विजय सेतुपति से भी विभीषण के किरदार के लिए बात की गई थी। हालांकि, बाद में वहां भी बात नहीं बन सकी और विजय सेतुपति भी इस किरदार को निभाने से चूक गए।


### रणबीर राम और साई पल्लवी बनेंगी माता सीता

'रामायण' में भगवान राम के किरदार के लिए रणबीर कपूर, सीता माता के किरदार के लिए साई पल्लवी और रावण के किरदार के लिए केजीएफ स्टार यश का नाम फाइनल हो चुका है। जबकि सनी देओल के फिल्म में हनुमान जी का किरदार निभाने की चर्चाएं हैं।

### दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' की फिलहाल शूटिंग चल रही है। फिल्म से अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म दो पार्ट्स में रिलीज होनी है। इसका पहला भाग साल 2026 में जबकि दूसरा भाग 2027 में रिलीज होने की संभावना है।

## एनिमल और मार्को से हिट 3की तुलना किए जाने पर नानी ने तोड़ी चुप्पी



हिट- द थर्ड केस के निर्माताओं ने 14 अप्रैल को ट्रेलर जारी किया, जिसमें अर्जुन सरकार के रूप में नानी को पेश किया गया। फिल्म के डार्क, खूनी और एक्शन सीन्स ने लोगों का ध्यान खींचा, जिसे यूजर्स को अन्य फिल्मों के सीन्स याद आ गए। यूजर्स ने हिट 3के सीन्स की तुलना रणबीर कपूर की एनिमल, उन्नी मुकुंदन की मार्कोऔर किलसे की। हालांकि नानी ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी और कहा कि हिट 3पूरी तरह से अलग जगह से संबंधित है। हैदराबाद में हिट 3के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अन्य फिल्मों से हिट 3की तुलना पर नानी ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- मुझे नहीं लगता कि हिट 3को एनिमल, किलया मार्कोके समान कैटेगरी में रखा जाना चाहिए। यह एक अलग कहानी है, एक बार जब आप पूरी फिल्म देख लेंगे तो सब कुछ इतना स्वाभाविक लगेगा कि हिंसा बाहर नहीं आएगी।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: कुलभूषण शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# ट्रिपल इंजन सरकार में एनआईटी का हो रहा चहुंमुखी विकास : सतीश फागना

## विधायक और पार्षद ने किया 70 लाख रूपये के विकास कार्यो का शुभारंभ



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधायक सतीश फागना और वार्ड-2 के पार्षद राजेश डागर ने लगभग 70 लाख रूपये की लागत से जीवन नगर पार्ट-2 की विभिन्न गलियों में इन्टरलॉकिंग टाईल लगाने के कार्य का शुभारंभ वार्ड-2 के बुजुर्ग लोगों के हाथों से नारियल तुडवाकर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर विधायक सतीश फागना का ग्रामीणों और कालोनी के लोगों ने फूलों की माला पहनाकर किया। इसके पश्चात सभी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की और भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर फूलों की माला वढ़ाकर उन्हें नगम किया। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना ने कहा कि में सबसे पहले आपका धन्यवाद करता हुं क्योकि जैसे आपने चौ. कृष्णपाल गुर्जर को जिताकर भेजा उसी तरह आपने हमारी बहन प्रवीण जोशी को महापौर और मुझे विधायक और बेटे राजेश डागर को पार्षद बनाया। उन्होने कहा यह विकास कार्य केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जी के सानिध्य और महापौर प्रवीण जोशी जी के सहयोग से कराए जा रहे है। जिसका इलाके के लोगों को भरपूर फायदा मिलेगा। उन्होनें कहा कि ट्रिपल इंजन वाली सरकार में लोगों को सभी मृलभूत सुविधाएं मिलेगी। इस मौके पर पार्षद राजेश डागर ने कहा कि आपने भाजपा और मुझमें जो विश्वास व्यक्त किया है उसे कभी टूटने नहीं दुगां। उन्होनें कहा कि कहा कि वार्ड तो मेरा 2 है लेकिन विकास के मामले में हमेशा नंबर 1 पर रहेगा। राजेश डागर ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर जनता ने केन्द्र व प्रदेश की नीतियों पर मुहर लगाई है। राजेश डागर ने कहा कि वार्ड को चमकाने और खुशहाल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगें। इस मौके पर कुछ महिलाओं ने बताया कि रात में असमाजिक तत्व तरह तरह का नशा करते है जिससे यहां का माहौल बिगड़ रहा है। महिलाओं की बात सुनने के बाद सतीश फागन ने वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों से कहा कि रात में गश्त बढ़ाई जाए और ऐसे लोगों की धर पकड़ कर उनपर मुकदमा दर्ज किया जाए। कार्यक्रम का आयोजन खेमचन्द व सुनील द्वारा किया गया था। इस मौके पर पार्षद महेश लोहिया, वरिष्ठ भाजपा नेता कविन्द्र चौधरी, फतेहचन्द, गजराज सिंह, हरिसिंह, कुंवरपाल, कृष्ण डागर,सत्ते, रोहताश, सूनील, रमेश धिमान, गजोधर व वासदेव सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# बंगाल हिंसा के विरोध में हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा के विरोध में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। लघु सचिवालय सेक्टर 12 पर हाथों में बैनर और झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 11अप्रैल से शुरू हुई हिंसा अब पूरे राज्य में फैल चुकी है। इस हिंसा में सैकड़ों हिंदू परिवारों के घर और दुकानें जला दी गईं। कई नागरिकों की हत्या की गई और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। करीब 500 से ज्यादा परिवारों को अपना घर छोडना पड़ा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर जो हिंसा हो रही रही है, उसमें हिन्दू को टारगेट किया जा रहा है। हिंसा शुरू होने के बाद से पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कोई कड़ा एक्शन नही लिया है। जिसके कारण आज पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर लगातार अत्याचार किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि केन्द्र सरकार इस मामले में दखल दे और हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोके। केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके गलत कार्यों लिए कठोरता सजा देनी चाहिए। हिंदू संगठन के लोगों ने केन्द्र सरकार से रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान कर उनको बाहर करने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह लोग देश में रहकर देश के गद्दारी कर रहे है। बंगाल में हिन्दू सुरक्षित नही है तो फिर इनको भी हमारे देश से निकाला जाना चाहिए। इस मौके पर प्रेमचंद गोयल विभाग अध्यक्ष, कालिदास गर्ग, प्रांत कार्यकारणी, श्रीमान रास बिहारी, गुलशन सिंघल, राजकुमार मदान, दिनेश बरेजा, हरगोविंद त्यागी, यशपाल भागरी, ओमप्रकाश यादव, सत्यदेव पराशर, श्रीमान संजय अरोड़ा, अशोक, सुरेंद्र कटारिया, सुनील, राम किशोर त्यागी एवं अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# सभी के वेतन से काटें जायेंगे पांच-पांच हजार रुपये : स्वप्निल पाटिल

## लापरवाही बरतने पर एक जेडटीओ और 4 इंस्पेक्टर और 10 क्लर्कों पर कार्यवाही



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन ना करने और प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्य में लापरवाही बरतने और लोगों को कार्यालय के चक्कर कटवाने पर नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर नगर निगम फरीदाबाद के एक जेडटीओ, 4 इंस्पेक्टर और 10 क्लर्क पर विभागीय कार्रवाई करते हुए सभी के मासिक वेतन से पांच पांच हजार रुपये काटने के निर्देश दिए गए हैं । निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वपनिल रविंद्र पाटील ने जानकारी दी है कि हाल ही में समीक्षा के दौरान पाया गया है कि प्रॉपर्टी आईडी का कार्य करने वाले निगम के कुछ निगम के कर्मचारी सरकारी दिशा निर्देशों अनुसार कार्य न करते हुए लापरवाही कर रहे हैं और अपने कार्य के प्रति गंभीर नहीं है इसलिए यह कार्रवाई की गई है उन्होंने बताया कि शहरवासियों को प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्यों के लिए निगम कार्यालय के बार बार चक्कर कटवाना और उन्हें परेशान करने के इस मामले में उपरोक्त कार्रवाई की गई है उन्होंने हिदायत दी है कि भविष्य में भी सभी अधिकारी और कर्मचारी नगर निगम से संबंधित अथवा प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्य को बेहतर ढंग से करें अन्यथा अन्य विभागीय कार्रवाई के लिए भी तैयार रहे। उपरोक्त कार्रवाई जड़टीओ दीपा, निरीक्षक रामकिशन, निरीक्षक मीनाक्षी, निरीक्षक पंकज ,निरीक्षक अनूप के अलावा क्लर्क रवि, क्लर्क अमन,क्लर्क नरेंद्र, क्लर्क तुषार मित्तल ,मनजीत क्लर्क महेश क्लर्क ,क्लर्क मोनू,क्लर्क सत्येंद्र और क्लर्क जिले सिंह पर यह कार्यवाही की गई है। उपरोक्त मामले में वेतन से यह राशि को काटने के लिए वित्तीय नियंत्रक नगर निगम फरीदाबाद को चिी जारी कर दी गई है।

# बारातघर को लेकर मुस्लिम समाज के दो पक्षों में पथराव



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में शनिवार सुबह बारातघर निर्माण को लेकर मुसलिम समाज के दो पक्षों में झड़प हो गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ, जिसमें एक युवक घायल हो गया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। मामला गोच्छी गांव का है। पीड़ित पक्ष के बल्लन खान ने बताया कि तालाब के पास की सरकारी जमीन पर बारातघर बनाने की योजना थी। इसके लिए वार्ड नंबर-1 के पार्षद मुकेश डागर जेई के साथ जमीन की पैमाइश करने पहुंचे थे। दूसरा पक्ष इस निर्माण का विरोध कर रहा था। विरोध का कारण था कि उनके मकान का गेट इसी जमीन की तरफ खुलता है और वे इस जमीन का उपयोग कर रहे थे। शनिवार सुबह विरोधी पक्ष के लोग बल्लन खान के घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बारातघर उनके कहने पर बनाया जा रहा है। बल्लन खान ने स्पष्ट किया कि यह सरकारी जमीन है और सरकार इसका निर्माण करवा रही है। शुरुआत में आसपास के लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर अलग कर दिया। लेकिन कुछ देर बाद विरोधी पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद दूसरे पक्ष ने भी पत्थर फेंके।

इस दौरान बल्लन खान के बेटे भोलू के सिर पर पत्थर लगा और वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। घायल युवक को बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी थी इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# व्यवसायी से 95 लाख की ठगी, एक काबू, खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सेक्टर-17 के एक व्यवसायी से साइबर ठगों ने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर 95 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जिसके बाद एक आरोपी को केरल के इड्डूकी जिले से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि 3 जनवरी को पीड़ित को एक कॉल प्राप्त हुई, जिसमें उसे बताया गया कि उसका बैंक खाता मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में शामिल है। इसके बाद कॉल को कथित क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर से जोड़ा गया, जिसने पीड़ित को एक अरेस्ट वारंट दिखाया और 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखने का दावा किया। इस दौरान ठगों ने पीड़ित की निजी जानकारी और बैंक डिटेल्स हासिल कर ली। ठगों ने धमकी दी कि अगर उसने इस मामले की गोपनीयता भंग की, तो उसके परिवार को अपराधियों से खतरा हो सकता है। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित से मामले से नाम हटवाने के नाम पर अलग-अलग खातों में 95 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। साइबर थाना सैंट्रल द्वारा की गई कार्रवाई में पता चला कि यह राशि जिन खातों में गई, उनमें से एक खाता केरल के इड्डूकी के अबिन के नाम था। आरोपी को इड्डूकी से गिरफ्तार किया और पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसके खाते में 26 लाख रुपए जमा हुए थे, जिसे उसने आगे ठगों को सौंप दिया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की जांच जारी है और पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# टेलीग्राम टास्क के जरिये ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार





**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क के जरिए ठगी करने वाले दो आरोपियों को साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सेक्टर-17 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि टेलीग्राम के माध्यम से उसका सम्पर्क ठगों से हुआ था। जिन्होंने उसे टास्क पूरा कर पैसे कमाने के बारे में बतलाया। फिर ठगों ने उसे हर टास्क के बदले पहले पैसे भेजने बारे कहा और शिकायतकर्ता ने लालच में आकर ठगों के खाता में विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल एक लाख चार हजार 20 रू भेजे। जब ठगों ने बार बार शिकायतकर्ता से पैसे की डिमांड तो अहसास हुआ कि उसके साथ फ्राड हुआ है। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना सैंट्रल ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास निवासी गांव विष्णु व रामप्रकाश वासी गाँव कानावासिया जिला जोधपुर राजस्थान को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि विकाश खाताधारक है जिसका खाता रामप्रकाश ने लेकर आगे ठगों को दिया था। विकाश जोधपुर में गाडी चलाने का काम करता है तथा रामप्रकाश दारू के ठेके पर सेल्समेन का काम करता है। आरोपी विकाश से मोबाइल फोन व खाता में प्रयोग की गई सिम को बरामद किया गया है। विकाश को पुछताछ के बाद जेल भेजा गया तथा वहीं रामप्रकाश को अधिक जानकारी के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिय गया है।


प्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271




davaindia GENERIC PHARMACY

| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |

फार्मा में 35+ सालों का अनुभव | NABL लैब द्वारा प्रमाणित प्रोडक्ट्स | सभी प्रोडक्ट्स WHO सर्टिफाइड प्लांट्स में निर्मित | 2000+ प्रोडक्ट्स उपलब्ध

Khadi India के सभी प्रोडक्ट्स उपलब्ध



1000+ Stores | 200+ Districts | 26 States

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 9811153271


# 30 स्टूडेंट पर एक अध्यापक का नियम, सरप्लस टीचर्स का होगा तबादला



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** शिक्षा निदेशालय की ओर से राज्य के राजकीय प्राथमिक स्कूलों में टीचरों की कमी को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। निदेशालय ने सभी जिलों से स्कूलों में कार्यरत टीचरों और स्टूडेंटों की विस्तृत जानकारी मांगी है, ताकि जिन विद्यालयों में टीचर अधिक हैं, वहां से उन्हें उन स्कूलों में ट्रांसफर किया जा सके, जहां टीचरों की भारी कमी है। यह निर्णय स्टूडेंटों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

गौरतलब है कि जिले के कुल 239 राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं से अध्यापकों और विद्यार्थियों की जानकारी दो अलग-अलग प्रफोर्मा के माध्यम से मांगी गई है। जानकारी जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से 7 अप्रैल तक निदेशालय को भेजी जानी थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा में अधिकतर स्कूलों और अधिकारियों द्वारा यह जानकारी साझा नहीं की गई। इसके बाद शिक्षा विभाग ने समय सीमा बढ़ाकर 20 अप्रैल दोपहर तक कर दी है। अब सभी स्कूलों को यह सूचना एक्सेल शीट के रूप में भेजनी है।

शिक्षा निदेशालय की योजना के अनुसार प्राथमिक स्कूलों में 30 विद्यार्थियों पर एक टीचर के अनुपात को लागू किया जाएगा। जिन स्कूलों में प्राथमिक शिक्षक और मुख्य टीचर की संख्या ज़रूरत से अधिक पाई जाएगी, उन्हें ऐसे स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां टीचरों की कमी है। यह प्रक्रिया केवल प्राथमिक विद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसके बाद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि कुछ टीचरों और शिक्षक संगठनों ने यह मांग उठाई है कि सरप्लस टीचरों का तबादला दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की संख्या स्थिर रहे और तबादला अधिक व्यावहारिक रूप में हो सके। जानकारी देते हुए डॉ. मनोज मित्तल, डिप्टी डीईओ ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक स्कूलों से विद्यार्थियों और अध्यापकों की सूची तैयार कर ली गई है और निर्देशानुसार इसे निदेशालय को भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरप्लस टीचरों के माध्यम से अन्य स्कूलों में टीचरों की कमी को पूरा किया जाएगा, लेकिन अभी तक तबादला संबंधी अंतिम निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। शिक्षा विभाग का यह कदम एक संतुलित और कुशल शिक्षा प्रणाली की दिशा में बड़ा प्रयास माना जा रहा है। यदि यह योजना प्रभावी ढंग से लागू की जाती है, तो इससे स्टूडेंटों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और टीचरों को भी उचित कार्यभार के अनुसार कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।